आर.एन.आई नं. 69777/98 / डाक पंजीयन-मालवा डिवीजन/328/2020-22

# दैनिक हिन्दकुश

hindkush.in jagrayam.com

वर्ष - 27 | अंक - 91 | उज्जैन, शुक्रवार 21 फरवरी 2025 | कुल पृष्ठ - 8, | कीमत -1 रुपया

## ऑटोमोबाइल में क्रांति का नया केंद्र बन कर उभर रहा है मध्यप्रदेश



भोपाल। भारत में औद्योगिक भविष्य की रूपरेखा अब मध्यप्रदेश से तय हो रही है। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य न केवल आदर्श निवेश स्थल बन कर उभर रहा है बल्कि ऑटोमोबाइल और ईवी इंडस्ट्री के एडवांस इरा की नई परिभाषा लिख रहा है। डेट्रॉयट जिस तरह 20वीं सदी में ऑटोमोबाइल क्रांति का केंद्र बना था, उसी तरह 21वीं सदी में मध्यप्रदेश ऑटोमोबाइल के क्षेत्र में भारत का फ्यूचर हब बनकर उभर रहा है।

ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट इस बदलाव का एक ऐतिहासिक मंच बनेगा, जहां दुनिया की सबसे बड़ी ऑटोमोबाइल और ईवी कंपनियां मध्यप्रदेश के औद्योगिक भविष्य को आकार देने के लिए आगे आएंगी। यह सिर्फ निवेश आकर्षित करने का अवसर नहीं, बल्कि भारत में ऑटोमोबाइल टेक्नोलॉजी और ई-मोबिलिटी को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का मंच है।

भारत में ऑटोमोबाइल क्रांति की चर्चा अब पारंपरिक हब्स तक सीमित नहीं, बल्कि मध्यप्रदेश की उद्योग अनुकूल नीतियों और विश्वस्तरीय लॉजिस्टिक्स नेटवर्क तक पहुंच चुकी है। राज्य सरकार की व्यवसाय समर्थक नीतियां, तेज़ अनुमोदन प्रक्रिया और उत्कृष्ट बुनियादी ढांचे ने निवेशकों को यह विश्वास दिलाया है कि मध्यप्रदेश ही अगला ऑटोमोबाइल सुपर हब बनने की दिशा में अग्रसर है। यहां पहले से ही 30 से अधिक ओरिजनल इक्विपमेंट मैन्युफेक्चरर्स, 200 से ज्यादा ऑटो कंपोनेंट निर्माता और 1 हजार से अधिक औद्योगिक इकाइयां कार्यरत हैं। देश में बसों और ट्रैक्टरों का दूसरा सबसे बड़ा और कामर्शियल वाहनों का तीसरा सबसे बड़ा उत्पादक होने के बावजूद, राज्य अब सिर्फ उत्पादक केंद्र नहीं, बल्कि एक इनोवेशन हब बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

भारत को एक वैश्विक ऑटोमोबाइल रिसर्च और टेस्टिंग सेंटर बनाने के विजन के तहत मध्यप्रदेश इसकी स्पीड लैब बनने की ओर अग्रसर है। एशिया का सबसे लंबा हाई-स्पीड परीक्षण ट्रैक, 14 टेस्ट ट्रैक और 5 ऑटो-विशिष्ट प्रयोगशालाओं के साथ राज्य दुनिया के अग्रणी ऑटोमोबाइल निर्माताओं के लिए एक वैश्विक परीक्षण केंद्र बन रहा है। यह केवल वाहनों के निर्माण का नहीं, बल्कि स्मार्ट और सस्टेनेबल मोबिलिटी सॉल्यूशंस विकसित करने का केंद्र बनेगा। ईवी बैटरी टेस्टिंग, हाइड्रोजन फ्यूल इनोवेशन और ऑटोमेटेड ड्राइविंग सिस्टम के लिए मध्यप्रदेश अब भारत के प्रमुख अनुसंधान केंद्रों में गिना जाएगा।

## ठंड की वापसी... दिल्ली-एनसीआर में बारिश ने बदला मौसम



नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली-यूपी में मौसम का मिजाज बदलता नजर आ रहा है। दिल्ली और यूपी के कई जिलों में रात से ही बारिश हो रही है जिसकी वजह से ठंड बढ़ गई है। मौसम विभाग के अनुसार गुरुवार को जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में भारी बर्फबारी हो सकती है। उत्तर प्रदेश के कई जिलों में बारिश और वज्रपात की संभावना जताई गई है।

इन राज्यों में हो सकती है बारिश

मौसम विभाग के अनुसार, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश में छिटपुट बर्फबारी और बारिश हो सकती है। पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, असम, झारखंड, छत्तीसगढ़, ओडिशा और अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में भी छिटपुट बारिश और तूफान की संभावना है।

यूपी में गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना- मौसम विभाग के अनुसार गुरुवार को न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी हो सकती है। बुधवार को पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ जिलों में हल्की बारिश दर्ज की गई। 20 फरवरी को भी गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है।

## बढ़ा-चढ़ाकर बताया जा रहा है..., अल्पसंख्यकों पर हमले को लेकर और क्या बोले बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश के चीफ?



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत और बांग्लादेश में बॉर्डर सुरक्षा को लेकर आज अहम बैठक हुई। शेख हसीना सरकार के पतन के बाद भारत-बांग्लादेश पहली बार एक मंच पर दिखे। बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश के प्रमुख मेजर जनरल मोहम्मद अशरफज्जमां सिद्दीकी ने इस मौके पर अल्पसंख्यकों को लेकर बड़ा बयान दिया है।

सिद्दीकी ने कहा कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हमलों को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया गया है। इसी के साथ बीजीबी प्रमुख के साथ संयुक्त प्रेस वार्ता में बीएसएफ डीजी डी एस चौधरी ने कहा कि भारत-बांग्लादेश सीमा पर 5 अगस्त के बाद घुसपैठ में काफी कमी आई है।

अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी- सिद्दीकी ने कहा कि हमें बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों से सुरक्षा के लिए कई अनुरोध मिले, उनको लेकर हमने भारत को मदद का आश्वासन दिया है।

बीजीबी प्रमुख ने आगे कहा कि भारत-बांग्लादेश सीमा पर बाड़ लगाने पर चर्चा हुई है।

## घर-घर से इकट्ठा कर नष्ट की जाएंगी एक्सपायर्ड दवाएं, केरल सरकार ने शुरू किया नया प्रोग्राम



नई दिल्ली (एजेंसी)। केरल सरकार ने एक्सपायर्ड और अनुपयोगी दवाओं के खिलाफ एक अनोखा कदम उठाया है। घरों से एक्सपायर्ड और अनुपयोगी दवाओं को इकट्ठा कर वैज्ञानिक तरीके से नष्ट करने का प्रोग्राम शुरू करने का फैसला लिया है।

इस कार्यक्रम का नाम एनप्राउड (न्यू प्रोग्राम फॉर रिमूवल ऑफ अनयूज्ड ड्रग्स) रखा गया है और यह देश में अपनी तरह का पहला प्रयास होगा। बता दें कि इस प्रोग्राम की शुरुआत राज्य की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज 22 फरवरी को कोझिकोड में करेंगी।

घर से इकट्ठा की जाएंगी दवाएं- इस अभियान के तहत घर-घर से अनुपयोगी और एक्सपायर्ड दवाएं एकत्रित की जाएंगी या उन्हें नष्ट करने के लिए निर्दिष्ट स्थानों पर सुविधाएं दी जाएंगी। इस अभियान को सबसे पहले कोझिकोड कॉर्पोरेशन और उलीयरी पंचायत में लागू किया जाएगा। यह पहली बार है जब सरकार स्तर पर ऐसा प्रोग्राम शुरू और लागू किया जा रहा है। सरकार की योजना इस प्रोग्राम को पूरे राज्य में लागू करने की है।

अब आप सोच रहे होंगे इस प्रोग्राम को अंजाम कैसे दिया जाएगा। दरअसल घरों का दौरा करके अनुपयोगी दवाएं इकट्ठा की जाएंगी। इसके अलावा, लोग कलेक्शन पॉइंट पर लगाए गए नीले बॉक्स में भी दवाएं जमा कर सकते हैं। थोक और खुदरा प्रतिष्ठानों और क्लीनिकों को अनुपयोगी दवाओं को पहले से निर्धारित कलेक्शन पॉइंट पर लाकर जमा करना होगा।

पूरे राज्य में लागू किया जाएगा प्रोग्राम- सरकार की योजना है कि इसे पूरे राज्य में लागू किया जाए, हालांकि पहले चरण में इसे कोझिकोड कॉर्पोरेशन और उलीयरी पंचायत में लागू किया जाएगा।

## नई दिल्ली-वाराणसी सहित पांच रेलवे स्टेशनों पर स्थायी होल्डिंग एरिया का डिजाइन होगा तैयार



नई दिल्ली (एजेंसी)। रेलवे मंत्रालय ने नई दिल्ली सहित पांच प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर स्थायी होल्डिंग एरिया का डिजाइन तैयार करने के लिए राइट्स (रेल इंडिया टेक्निकल एंड इकोनोमिक सर्विस) लिमिटेड को निर्देश दिया है। अन्य चार स्टेशन आनंद विहार, गाजियाबाद, वाराणसी और अयोध्या हैं।

60 ज्यादा भीड़भाड़ वाले रेलवे स्टेशनों तक विस्तारित किया जाएगा- रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को राइट्स टीम के चेयरमैन राहुल मित्तल के साथ बैठक के बाद यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एक बार माडल तैयार हो जाने के बाद इसे 60 ज्यादा भीड़भाड़ वाले रेलवे स्टेशनों तक विस्तारित किया जाएगा। इसके अलावा, इन स्टेशनों के सभी अनधिकृत प्रवेश बिंदुओं को बंद कर दिया जाएगा।

वैष्णव के अनुसार, ये होल्डिंग एरिया अमृत स्टेशन पुनर्विकास कार्यक्रम के साथ एकीकृत किए जाएंगे, जिसके तहत इन स्टेशनों को विश्वस्तरीय यात्री सुविधाओं के साथ आधुनिक बनाया जा रहा है। शनिवार शाम को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ के बाद रेलवे मंत्रालय ने स्टेशनों पर भीड़ नियंत्रित करने के लिए विभिन्न उपाय शुरू किए हैं।

भीड़ प्रबंधन मैनुअल पर चल रहा काम- इस भगदड़ में 18 यात्रियों की जान गई थी जबकि कई अन्य जख्मी हो गए थे।

## दिल्ली में हो गया विभागों का बंटवारा, CM के पास वित्त समेत 5 विभाग



नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली में सरकार गठन और कैबिनेट की शपथ के बाद अब विभागों का भी बंटवारा हो गया है। सूत्रों के मुताबिक कैबिनेट की बैठक से पहले मंत्रियों को उनके विभाग अलॉट कर दिए गए हैं। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने खुद अपने पास 5 विभाग रखे हैं। इसके अलावा प्रवेश वर्मा को उपमुख्यमंत्री बनाकर तीन अहम विभागों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। अभी आधिकारिक ऐलान होना बाकी है।

## 7 दिन के अंदर लौटा दो लूटे हुए हथियार, इसके बाद खैर नहीं; मणिपुर राज्यपाल ने दिया अल्टीमेटम



नई दिल्ली (एजेंसी)। मणिपुर में जारी हिंसा के बीच राज्यपाल अजय कुमार भल्ला ने लोगों को 7 दिनों के अंदर लूटे हुए हथियार वापस करने का अल्टीमेटम दिया है। इस दौरान भल्ला ने राज्य में पिछले 20 महीनों से जारी हिंसा और साम्प्रदायिक तनाव के मद्देनजर सभी समुदायों से शांति की अपील की है। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं से आग्रह किया है कि वे लूटे गए और अवैध रूप से रखे गए हथियारों और गोला-बारूद को निकटतम पुलिस स्टेशन, चौकी या सुरक्षा बलों के शिविर में अगले सात दिनों के भीतर स्वेच्छा से जमा कर दें। राज्यपाल ने आश्वासन दिया है कि एक सप्ताह के अंदर हथियार लौटाने पर कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जाएगी, लेकिन इसके बाद ऐसे हथियारों के कब्जे पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह के अपने पद से इस्तीफा देने के कुछ दिन बाद 13 फरवरी को हिंसा प्रभावित मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगा दिया गया। विधानसभा को भी निलंबित कर दिया गया है। गृह मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, मणिपुर विधानसभा को निलंबित कर दिया गया है, जिसका कार्यकाल 2027 तक है। मणिपुर में भाजपा सरकार का नेतृत्व कर रहे सिंह ने करीब 21 महीने की जातीय हिंसा के बाद मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। इस हिंसा में अब तक 250 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है। मई 2023 में मणिपुर में जातीय हिंसा भड़क उठी थी, जिसमें इंफाल घाटी में बहुसंख्यक मेइती समुदाय और आसपास की पहाड़ियों में बसे कुकी-जो आदिवासी समूहों के बीच हिंसक झड़पें हुईं। जातीय हिंसा के कारण अब तक 250 से अधिक लोगों की मौत हो गई और हजारों लोग विस्थापित हुए हैं।

इस बीच, इंफाल में अधिकारियों ने आज बताया कि राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू होने के बाद प्रतिबंधित आतंकी समूहों की किसी भी हरकत से निपटने के लिए मणिपुर में सुरक्षा एजेंसियों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। उन्होंने बताया कि इंफाल घाटी के इलाकों में भारी संख्या में सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं, जहां अरमबाई टेंगोल समूह के कार्यकर्ताओं ने पुलिस पर हमले किए हैं। अधिकारियों ने बताया कि असम राइफल्स और अन्य अर्धसैनिक बल इंफाल शहर में कानून-व्यवस्था की किसी भी अप्रिय स्थिति को रोकने के लिए फ्लैग मार्च करेंगे। वहीं राज्यपाल भल्ला की बात करें तो उन्होंने 3 जनवरी 2025 को मणिपुर के 19वें राज्यपाल के रूप में शपथ ली थी।

# क्या भारत में टेस्ला की फैक्ट्री नहीं लगने देंगे ट्रंप?




नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अमेरिका दौरे के दौरान उनकी टेस्ला के सीईओ एलन मस्क से मुलाकात को लेकर खूब चर्चा हुई थी। मोदी की मुलाकात के बाद मस्क भारत में टेस्ला के जरिए निवेश को तैयार हैं। अब इसको लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का बयान सामने आया है।

भारत में फैक्ट्री लगाना सही नहीं- ट्रंप ने कहा है कि एलन मस्क की टेस्ला का भारत जाना सही नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत द्वारा टैरिफ में उल्लेखनीय वृद्धि करने के कदमों के बीच भारत में फैक्ट्री लगाना बहुत अनुचित कदम होगा।

फॉक्स न्यूज के एंकर सीन हैनिटी के साथ डोनाल्ड ट्रंप और एलन मस्क के साक्षात्कार के दौरान की गई यह टिप्पणी टेस्ला के सीईओ द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अमेरिका दौरे के दौरान उनसे मुलाकात के कुछ दिनों बाद आई है।

भारत में कारों के टैरिफ का किया जिक्र

ट्रंप ने भारत के उच्च टैरिफ दर के बारे में बात करते हुए ये बात कही। ट्रंप ने कहा कि हर देश ने टैरिफ के साथ अमेरिका का फायदा उठाया है। उन्होंने भारत में कारों पर टैरिफ का उदाहरण देते हुए शुरुआत की।

मस्क का भारत में फैक्ट्री लगाना ऱ के लिए अनुचित

मस्क को देखते हुए ट्रंप ने कहा, भारत में व्यावहारिक रूप से कार बेचना असंभव है। मुझे नहीं पता कि यह सच है या नहीं, लेकिन मुझे लगता है। अगर मस्क भारत में कोई कारखाना बनाना चाहते हैं, तो यह ठीक है, लेकिन अमेरिका के लिए अनुचित भी है।

इसके बाद मस्क ने तुरंत हस्तक्षेप करते हुए ट्रंप की बात पूरी की और कहा, टैरिफ 100 फीसद आयात शुल्क की तरह हैं। कम से कम 35,000 डॉलर की लागत वाली ईवी कार पर आयात शुल्क भारत में 15 फीसद है।

दिल्ली-मुंबई में शोरूम खोलने की तैयारी में टेस्ला- बता दें कि एलन मस्क की टेस्ला ने पहले ही नई दिल्ली और मुंबई में शोरूम के लिए स्थानों की पहचान कर ली है। टेस्ला ने इसी के साथ भारत में 13 मध्यम स्तर के पद के लिए वैकेंसी की घोषणा की है।

# क्या बाइडन नहीं चाहते थे भारत में बने मोदी सरकार




नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर भारत में वोटिंग बढ़ाने के लिए सहायता राशि देने पर सवाल उठाए हैं। ट्रंप ने कहा कि तत्कालीन बाइडन सरकार गलत कदम उठा रही थी और उसकी मंशा भी कुछ और लग रही थी।

किसी और को चुनाव जीताने की थी कोशिश- अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने आगे कहा कि बाइडन द्वारा भारत को वोटिंग बढ़ाने के लिए 182 करोड़ के लगभग (21 मिलियन डॉलर) देना एक सवाल खड़ा करता है कि क्या वो किसी और को निर्वाचित कराने की कोशिश कर रहे थे।

गुरुवार को मियामी में एक शिखर सम्मेलन में बोलते हुए ट्रंप ने कहा, हमें भारत में वोटिंग बढ़ाने पर 21 मिलियन डॉलर खर्च करने की क्या जरूरत है? मुझे लगता है कि वे किसी और को निर्वाचित कराने की कोशिश कर रहे थे। हमें भारत सरकार को बताना होगा... यह पूरी तरह से एक बड़ी सफलता है।

ट्रंप की यह टिप्पणी अरबपति एलन मस्क के नेतृत्व वाले अमेरिकी सरकारी दक्षता विभाग द्वारा यह खुलासा किए जाने के कुछ दिनों बाद आई है कि यूनाइटेड स्टेट्स एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट ने भारत में वोटिंग को बढ़ावा देने के लिए 21 मिलियन डॉलर का योगदान दिया है।

बता दें कि डोनाल्ड ट्रंप ने चुनाव जीतने के बाद कार्य दक्षता एजेंसी DOGE बनाई थी। DOGE ने 16 फरवरी को उन चीजों की सूची बनाई जिन पर अमेरिकी करदाताओं के पैसे खर्च होते थे और सूची में भारत में मतदान के लिए 21 मिलियन अमेरिकी डॉलर देना शामिल था।

DOGE ने यह भी कहा कि बांग्लादेश में राजनीतिक परिदृश्य को मजबूत करने के लिए 29 मिलियन डॉलर की अतिरिक्त राशि निर्धारित की गई थी।

बांग्लादेश में हाल ही में पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को हटाने में अमेरिकी डीप स्टेट की संलिप्तता के आरोपों के बीच राजनीतिक उथल-पुथल देखी गई थी।

## चीन में नकली बर्फ दिखा पर्यटकों को लूटा, लोगों ने सोशल मीडिया पर निकाली भड़ास



नई दिल्ली (एजेंसी)। चीन को चीजों की कॉपी करने के लिए जाना जाता है। इसी कड़ी में अपना हुनर दिखाते हुए चीन के एक गांव में पर्यटकों को लुभाने के लिए नकली बर्फ बना दी। हालांकि जब लोगों ने सोशल मीडिया पर इसकी आलोचना की तो होटल मालिक इन सब के लिए माफी मांगी है। चीन के दक्षिण-पश्चिमी प्रांत सिचुआन के एक पर्यटक गांव जो सुंदर बर्फीले पहाड़ों के लिए प्रसिद्ध है। यहां जलवायु परिवर्तन के कारण इस वर्ष पर्याप्त बर्फ नहीं पड़ी। वहीं हर साल यहां भारी संख्या में पर्यटक आते थे। गांव वाले नहीं चाहते थे कि पर्यटक उनकी जगह से अपना मुंह मोड़ लें, इसके लिए उन्होंने नकली बर्फ बनाने के लिए रूई और साबुन के पानी का उपयोग किया। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। समाचार एजेंसी रॉयटर की रिपोर्ट के अनुसार, चेंग्दू स्नो विलेज सिचुआन प्रांत में एक नया होटल खुला, इसके केबिन छतों पर लिपटी बर्फ की मोटी परतों वाली चमकदार प्रचारात्मक तस्वीरों के साथ नव वर्ष की छुट्टियों पर पर्यटकों को आकर्षित किया था। उसकी वीडियो और फोटो देखकर लोग तो आए लेकिन उन्होंने नकली बर्फ को देखकर खुद को ठगा महसूस किया और अपना गुस्सा सोशल मीडिया पर उतारा।

## संघर्ष विराम समझौते के दूसरे चरण के लिए बातचीत शुरू करेंगे नेतन्याहू



नई दिल्ली (एजेंसी)। नेतन्याहू ने आधिकारिक तौर पर युद्धविराम समझौते के दूसरे चरण के लिए बातचीत शुरू करने का फैसला किया है। साथ ही फैसले के बारे में सुरक्षा कैबिनेट को सूचित किया है। इजरायल की सरकारी प्रसारण सेवा ने यह जानकारी दी है।

33 इजरायली बंधकों को रिहा किए जाने की उम्मीद- 19 जनवरी से प्रभावी युद्धविराम समझौते के पहले चरण के तहत 2,000 फलस्तीनियों के बदले में 33 इजरायली बंधकों को रिहा किए जाने की उम्मीद है। दूसरे चरण में शेष बंधकों की रिहाई, फलस्तीनी क्षेत्र से इजरायली बलों की पूर्ण वापसी और स्थायी युद्धविराम के कार्यान्वयन पर ध्यान केंद्रित किए जाने की संभावना है।

वहीं, हमास ने कहा है कि गाजा युद्धविराम समझौते के दूसरे और तीसरे चरण को लागू करने के लिए वह तैयार है। हमास के प्रवक्ता हाजेम कासेम ने कहा कि उन्होंने इजरायली बंधकों की संख्या को दोगुना करने पर सहमति व्यक्त की है।

## जिंदा या मुर्दा मच्छर लाने पर मिलेगा इनाम, इस गांव ने डेंगू से बचने का निकाला अनोखा तरीका



नई दिल्ली (एजेंसी)। फिलीपींस के राजधानी क्षेत्र मांडलुयोंग शहर के एडिशन हिल्स गांव से अनोखा मामला सामने आया है। इस गांव ने मच्छर से निपटने का अनोखा तरीका अपनाया है। मच्छरों के काटने से डेंगू समेत कई बीमारियां सामने आती हैं।

मच्छरों को मारने या भगाने के लिए लोग अलग-अलग तरकीबें भी अपनाते रहते हैं। लेकिन क्या आपने कभी ये सुना है कि मच्छरों को जिंदा या मुर्दा लेकर आने पर इनाम दिया जाएगा। ऐसा ही एक तरीका इस गांव में अपनाया गया है। जी हां पकड़े गए मच्छरों के लिए निवासियों को एक सांकेतिक इनाम की पेशकश की गई - चाहे वे मरे हों या जिंदा।

फिलीपींस में डेंगू के मिले इतने मामले- स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार, इस साल 1 फरवरी तक फिलीपींस में डेंगू के कम से कम 28,234 मामले दर्ज किए गए हैं, जो पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में 40त अधिक है। क्यूजोन सिटी ने शनिवार को डेंगू प्रकोप की घोषणा की, क्योंकि इस साल संक्रमित 1,769 निवासियों में से 10 लोगों की मृत्यु हो गई, जिनमें से ज्यादातर बच्चे थे।

भीड़-भाड़ वाले इलाकों और आवासीय कॉन्डोमिनियम टावरों में रहने वाले 100,000 से ज्यादा निवासियों वाला एक शहरी गांव, एडिशन हिल्स ने डेंगू से निपटने के लिए सफाई, नहरों की सफाई और स्वच्छता अभियान चलाया है। लेकिन जब इस साल मामले बढ़कर 42 हो गए और दो युवा छात्रों की मौत हो गई, तो गांव के नेता कार्लिटो सेर्नल ने लड़ाई को और तेज करने का फैसला किया।

## लैंडिंग के समय पलटा था प्लेन, अब डेल्टा एयरलाइंस ने किया मुआवजे का एलान



नई दिल्ली (एजेंसी)। टोरंटो के पियर्सन एयरपोर्ट पर क्रैश-लैंडिंग के बाद डेल्टा एयर लाइन्स का एक जेट विमान अचानक रुक गया। इस दुर्घटना में चार क्रू मेंबर समेत विदेश में मौजूद सभी 80 लोग बच गए। क्रैश लैंडिंग के बाद, डेल्टा ने बताया कि 21 यात्रियों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। जबकि अधिकतर को छुट्टी दे दी गई है, एक यात्री अभी भी मेडिकल देखभाल में है।

वहीं इस घटना के बाद डेल्टा एयरलाइंस ने यात्री को मुआवजा देने का ऑफर किया है। मुआवजे के तौर पर, डेल्टा प्रत्येक जीवित बचे व्यक्ति को 30,000 (लगभग 26 लाख) का ऑफर कर रहा है। जिनमें से कई पलटे हुए विमान के अंदर 'चमगादड़ की तरह लटके' रह गए थे।

क्रू सदस्यों की देखभाल करना हमारी प्राथमिकता- डेल्टा के सीईओ एड बैस्टियन ने एक आधिकारिक बयान में कहा, 'हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता सभी ग्राहकों और एंडेवर क्रू सदस्यों की देखभाल करना है, जो इसमें शामिल थे।'

उन्होंने कहा, 'हम आने वाले दिनों में उन्हें और उनके परिवारों को सहायता देने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे, और मुझे पता है कि पूरे डेल्टा समुदाय के दिल, विचार और प्रार्थनाएं उनके साथ हैं। हम उन सभी प्रथम उत्तरदाताओं और चिकित्सा टीमों के आभारी हैं जो उनकी देखभाल कर रहे हैं।'

## मासूमों और उनकी मां के लौटाए शव... हमास ने पूरी की अपनी शर्त तो इजरायल में छाया मातम



नई दिल्ली (एजेंसी)। हमास ने गुरुवार को चार इजरायली बंधकों के शव लौटाए, जिसके बाद इजरायल में मातम छा गया। इनमें एक मां और उसके दो बच्चे शामिल हैं, जिनके बारे में लंबे समय से आशंका जताई जा रही थी कि वे मर चुके हैं और 7 अक्टूबर 2023 को हुए हमले के बाद पूरे देश के लिए एक पीड़ादायक याद बन गए थे।

सबसे कम उम्र के बंदी का शव सौंपा- जानकारी के अनुसार, ये शव शिरी बिबास और उसके दो बच्चों, एरियल और केफिर के हैं। इसके साथ ही इन शवों में ओडेड लिफशिट्ज की भी बॉडी है, जो अपहरण के समय 83 वर्ष के थे। केफिर, जो 9 महीने का था, सबसे कम उम्र का बंदी था।

हमास ने कहा है कि इजरायली हवाई हमलों में ये चारों और उनके गार्ड मारे गए। हमास के लड़ाकों ने गाजा पट्टी में चार काले ताबूतों में ये शव सौंपे।

इसके बाद लड़ाके ताबूतों को रेड क्रॉस के वाहनों में ले गए, जहां लाल जैकेट पहने कर्मचारियों ने उन्हें अंदर रखने से पहले सफेद चादरों से ढक दिया। रेड क्रॉस का काफिला वापस इजरायल चला गया, जहां अधिकारी डीएनए का उपयोग करके अवशेषों की औपचारिक पहचान करेंगे, जिसमें दो दिन तक का समय लगने की उम्मीद है।उसके बाद ही परिवारों को अंतिम सूचना दी जाएगी।

उधर, इजरायली सेना ने पुष्टि की है कि उन्हें ताबूत मिल गए हैं। हमास और अन्य गुटों के बड़ी संख्या में नकाबपोश और सशस्त्र लड़ाकों सहित हजारों लोग दक्षिणी गाजा शहर खान यूनिस के बाहरी इलाके में हैंडओवर साइट पर एकत्र हुए थे।

# मुंबई, ढाका और कोलंबिया हो जाएंगे नेस्तनाबूद! नासा की रिपोर्ट ने उड़ा दिए होश



नई दिल्ली (एजेंसी)। नासा ने नया डेटा जारी किया है, जिससे पता चलता है कि अगर 2024 YR4 एस्टेरॉयड पृथ्वी से टकराएगा तो यह दुनिया के कुछ सबसे घनी आबादी वाले इलाकों को तबाह कर देगा। नासा ने बताया है कि पूर्वी प्रशांत महासागर, उत्तरी दक्षिण अमेरिका, अटलांटिक महासागर, अफ्रीका, अरब सागर और दक्षिण एशिया तक इसका व्यापक प्रभाव देखने को मिलेगा।

नासा ने बताया है कि इस एस्टेरॉयड के टकराने से कोलंबिया का बोगोटा शहर में भारी तबाही आएगी। इस शहर में 11.6 मिलियन से अधिक लोग रहते हैं। वहीं मुंबई और ढाका पर भी खतरा है।

धरती से टकराने का खतरा बढ़ा- अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने 2032 में इस एस्टेरॉयड के पृथ्वी से टकराने के जोखिम को बढ़ाकर 3.1 प्रतिशत कर दिया है। इसके बाद यह एस्टेरॉयड अब तक ज्ञात सबसे अधिक खतरे वाला एस्टेरॉयड बन गया है।

यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ईएसए) का अनुमान है कि इसके टकराने की संभावना 2.8 प्रतिशत है, जो 2004 के अपोफिस एस्टेरॉयडसे भी अधिक खतरे का स्तर है। शुरू में यह माना गया था कि यह 2029 में पृथ्वी से टकराएगा, लेकिन आगे के शोध के बाद इस थ्योरी को खारिज कर दिया गया।

2024 YR4 एस्टेरॉयड क्या है- नासा के NEO अध्ययन केंद के अनुसार, इस एस्टेरॉयड की खोज 27 दिसंबर, 2024 को चिली के रियो हर्टाडो में नासा की ओर से फंड की गई दूरबीन द्वारा की गई थी। उस समय वैज्ञानिकों ने कहा था कि यह अनुमान लगाना कठिन है कि एस्टेरॉयड पृथ्वी से टकराएगा या नहीं।

## ये परेशान करने वाला आदेश, HC के जज के खिलाफ एक्शन नहीं ले पाएगा लोकपाल



नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को लोकपाल के उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें एक मौजूदा हाई कोर्ट जज के खिलाफ शिकायतों पर विचार करने की बात कही गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने इसे ÷बहुत परेशान करने वाला÷ बताते हुए इस आदेश को स्थगित कर दिया।

जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली एक विशेष पीठ ने केंद्र और अन्य को नोटिस जारी कर लोकपाल द्वारा 27 जनवरी को पारित आदेश पर उनके जवाब मांगे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में स्वत- संज्ञान लेते हुए कार्यवाही की थी। पीठ में जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस अभय एस ओका भी शामिल हैं।

पीठ ने शिकायतकर्ता को जज का नाम उजागर करने से मना किया है। पीठ ने शिकायतकर्ता को अपनी शिकायत को गोपनीय रखने का भी निर्देश दिया है। लोकपाल ने हाई कोर्ट के मौजूदा अतिरिक्त जज के खिलाफ दायर दो शिकायतों पर यह आदेश पारित किया था।

इन शिकायतों में आरोप लगाया गया है कि उन्होंने राज्य के एक अतिरिक्त जिला जज और उसी हाई कोर्ट के एक जज को निजी कंपनी द्वारा शिकायतकर्ता के खिलाफ दायर मुकदमे से निपटने के लिए प्रभावित किया।

## तेलंगाना के पूर्व सीएम KCR पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाने वाले शख्स की हत्या



नई दिल्ली (एजेंसी)। तेलंगना के पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव और अन्य के खिलाफ कालेश्वरम परियोजना के तहत मेदिगड्डा बैराज के निर्माण में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया गया था। वहीं अब खबर आई है कि आरोप लगाने वाले व्यक्ति की जयशंकर भूपलपल्ली कस्बे में हत्या कर दी गई है।

एन.राजलिंगमूर्ति ने कालेश्वरम प्रोजेक्ट के ढहने के संबंध में शिकायत दर्ज कराई थी। इस मामले में तेलंगाना के पूर्व सीएम केसीआर, पूर्व मंत्री, निर्माण कंपनी और कई ठेकेदारों का नाम था।

रास्ते में रोककर घोंपा चाकू

हालांकि पुलिस ने इस घटना में किसी भी राजनीतिक पहलू से इनकार किया है। उन्होंने बताया कि 50 वर्षीय एन राजलिंगमूर्ति की दो अज्ञात व्यक्तियों ने भूमि विवाद के चलते चाकू घोंपकर हत्या कर दी।

बुधवार शाम करीब साढ़े सात बजे मोटरसाइकिल से जा रहे राजलिंगमूर्ति को दो लोगों ने रास्ते में रोक लिया और चाकू घोंप दिया। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि अस्पताल ले जाते समय उनकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की जांच जारी है।

2023 में दर्ज कराई थी शिकायत- राजलिंगमूर्ति ने इससे पहले अक्टूबर 2023 में एक अदालत में निजी शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें मेदिगड्डा बैराज के कुछ घाटों के डूबने के बाद केसीआर और अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की गई थी।

## 'पनामा होटल में सुरक्षित हैं भारतीय', अमेरिका से निर्वासित लोगों को लेकर भारत का आया जवाब



नई दिल्ली (एजेंसी)। डोनाल्ड ट्रंप के अवैध प्रवासियों पर कार्रवाई के तहत अमेरिका से भारतीयों समेत करीब 300 प्रवासियों को निकाला गया है। इन निर्वासितों को पनामा के एक होटल में रखा गया है जहां से वो पेपर पर लिखे संदेशों के जरिए मदद की अपील कर रहे हैं। वहीं अब इस मामले में पनामा, निकारागुआ और कोस्टा रिका में भारतीय एंबेसी का ट्वीट सामने आया है।


भारत लैटिन अमेरिकी देश में संयुक्त राज्य अमेरिका की तरफ से निर्वासित भारतीय प्रवासियों की भलाई सुनिश्चित करने के लिए पनामा में अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रहा है। पनामा में भारतीय एंबेसी ने कहा कि प्रवासी उस होटल में सुरक्षित हैं, जहां उन्हें हिरासत में रखा गया है।

क्या बोली भारतीय एंबेसी- भारतीय एंबेसी ने एक पोस्ट करके कहा, पनामा के अधिकारियों ने हमें सूचित किया है कि भारतीयों का एक समूह अमेरिका से पनामा पहुंच गया है। वे सभी आवश्यक सुविधाओं वाले एक होटल में सुरक्षित हैं। दूतावास की टीम ने कांसुलर एक्सेस प्राप्त कर लिया है। हम उनकी भलाई सुनिश्चित करने के लिए मेजबान सरकार के साथ मिलकर काम कर रहे हैं।

होटल में फंसे 300 लोग - यह बयान एक रिपोर्ट के एक दिन बाद आया है जिसमें दावा किया गया था कि ईरान, भारत, नेपाल, श्रीलंका, पाकिस्तान, अफगानिस्तान और चीन सहित विभिन्न देशों के लगभग 300 लोग, जिन्हें राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के कार्यकाल में संयुक्त राज्य अमेरिका से निर्वासित किया गया था, पनामा के एक होटल में बंधक बनाकर रखे गए थे।

खिड़कियों पर लगाई मदद की गुहार- निर्वासित लोगों में से कुछ ने अपने होटल के कमरे की खिड़कियों पर मदद के लिए हताश संदेश प्रदर्शित करते हुए कहा कि हम अपने देश में सुरक्षित नहीं हैं।

## रणवीर इलाहाबादिया मामले के बाद एक्शन में केंद्र सरकार, ओटीटी प्लेटफॉर्म्स को दी चेतावनी



नई दिल्ली (एजेंसी)। रणवीर इलाहाबादिया और समय रैना के अश्लील टिप्पणियों का मामला जैसे ही तूल पकड़ा, केंद्र सरकार एक्शन मोड में आ गई। केंद्र ने अब सोशल मीडिया पर फैली अश्लीलता और अश्लील चुटकुलों को लेकर उठे विवाद के बीच सख्ती बरतना शुरू कर दिया है।

सख्ती दिखाते हुए केंद्र ने ओटीटी प्लेटफॉर्म को कानून द्वारा बैन सामग्री प्रसारित करने के खिलाफ चेतावनी दी है। ओवर-द-टॉप (ओटीटी) प्लेटफॉर्म और स्व-नियामक निकायों को जारी की गई सलाह में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने उन्हें सामग्री प्रकाशित करते समय आईटी नियम-2021 के तहत निर्धारित आचार संहिता का सख्ती से पालन करने को कहा है।

इसी के साथ सामग्री को साझा करने से पहले एज वेरिफिकेशन का सख्त पालन भी शामिल है।

तो होगी सख्त कार्रवाई- सरकार ने ओटीटी प्लेटफॉर्म के स्व-नियामक निकायों को प्लेटफॉर्म द्वारा आचार संहिता के उल्लंघन के लिए उचित सक्रिय कार्रवाई करने को भी कहा है। मंत्रालय ने कहा कि उसे ओटीटी प्लेटफॉर्म और सोशल मीडिया के कुछ प्रकाशकों द्वारा प्रकाशित अश्लील, पोर्नोग्राफिक और अश्लील सामग्री के कथित प्रसार के संबंध में संसद सदस्यों, वैधानिक संगठनों और सार्वजनिक शिकायतों से शिकायतें मिली हैं।

केंद्र ने अपने नोटिस में कहा ओटीटी प्लेटफॉर्म सामग्री प्रकाशित करते समय लागू कानूनों के विभिन्न प्रावधानों और आईटी नियम 2021 के तहत निर्धारित आचार संहिता का पालन करें, जिसमें आचार संहिता के तहत निर्धारित सामग्री के आयु-आधारित वर्गीकरण का कड़ाई से पालन करना शामिल है।

इसमें कहा गया है कि अगर सामग्री में कुछ ऐसा है जो बच्चों के लिए सही नहीं है, तो ऐसी सामग्री तक पहुंच को प्रतिबंधित करने के लिए इसे ए रेटेड सामग्री टैग करना चाहिए। वहीं, इस सिस्टम को लागू करने और उचित सावधानी बरतना आवश्यक है।

## किसानों, महिलाओं और स्टूडेंट्स के लिए बड़ी घोषणा



नई दिल्ली (एजेंसी)। गुजरात के वित्त मंत्री कनु देसाई ने गुरुवार को गुजरात विधानसभा में वर्ष 2025-26 का बजट पेश किया। जिसमें उन्होंने कहा कि राज्य के नागरिकों की सुरक्षा बनाए रखना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

साइबर सुरक्षा और कानून प्रवर्तन पर विशेष ध्यान देते हुए राज्य स्तर पर साइबर उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किए जाएंगे और साथ ही सभी जिलों में साइबर फोरेंसिक लैब भी स्थापित की जाएंगी। मादक दवाओं और मनःप्रभावी पदार्थों की तस्करी की अवैध गतिविधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के लिए एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स की एक परिचालन इकाई स्थापित की जाएगी। मैं इस सबके लिए कुल 352 करोड़ रुपये का प्रावधान करने का सुझाव देता हूं।

2047 तक जीरो कार्बन का लक्ष्य- जलवायु परिवर्तन विभाग के लिए कुल 419 करोड़ रुपये का प्रावधान गुजरात नवीकरणीय ऊर्जा और नवीन प्रौद्योगिकी का उपयोग करके एक टिकाऊ और जलवायु लचीला राज्य बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है, साथ ही 2047 तक शून्य कार्बन के अपने लक्ष्य को भी प्राप्त कर रहा है।

राज्य में सरकारी कार्यालयों की छतों पर सौर रूफटॉप प्रणाली सुविधा के लिए 255 करोड़ रुपये का प्रावधान। राज्य में हरित प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने और जलवायु परिवर्तन से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए गुजरात जलवायु परिवर्तन कोष की स्थापना के लिए 25 करोड़ रुपये का प्रावधान।

50,000 करोड़ रुपये का विकसित गुजरात कोष स्थापित - राज्य में साइबर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना की जाएगी जनता समूह दुर्घटना बीमा योजना में अब 2 लाख से 4 लाख रुपये तक का बीमा कवर मिलेगा। 50,000 करोड़ रुपये का विकसित गुजरात कोष स्थापित किया जाएगा।

विकसित गुजरात कोष के लिए 500 करोड़ रुपये का प्रावधान नर्मदा बल्क पाइपलाइन के लिए 2636 करोड़ रुपये का प्रावधान राज्य में 12 नए हाई-स्पीड कॉरिडोर विकसित किए जाएंगे गर्वी गुजरात हाई स्पीड कॉरिडोर के लिए 1367 करोड़ रुपये प्रदान किए गए डीसा से पीपावाव नमोशक्ति एक्सप्रेसवे का निर्माण किया जाएगा।

दैनिक हिन्दकुश

hindkush.in
24x7 News portal

सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित

jagrayam.com
online news magazine


हिन्दकुश मीडिया
hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

मानव जीवन में सदैव उतार-चढाव आता है व्यक्ति को कभी इससे घबराना नहीं चाहिए।
पं. श्रीराम शर्मा आचार्य

# हिन्दकुश

हिन्द : भारत कुश : पवित्र तृण

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःख भागभवेत्
सभी सुखी हो, सभी निरोगी रहे, सभी का शुभ हो, कोई भी दुखी न हो।



विक्रम संवत 2079 फाल्गुन अष्टमी

## संपादकीय

# राष्ट्रपति चुनाव के कैंपेन में उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने हर चुनावी सभा में अनेकों वादे किए थे...



वैश्विक स्तरपर सर्वविदित है कि अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के कैंपेन में उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने हर चुनावी सभा में अनेकों वादे किए थे, जो चुनने के बाद क्रमवार,एक प्रक्रिया के तहत पूरे करते जा रहे हैं। पहले टैरिफ बढ़ाना, अवैध अप्रवासियों को निकालना अमेरिकी फर्स्ट संकल्प को आगे बढ़ाने के साथ अब रूस-यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने पर फोकस किया जा रहा है। परंतु यह किसी को उम्मीद नहीं थी कि इस पीस प्रक्रिया में यूक्रेन को ही बाहर कर दिया जाएगा? क्योंकि अभी हाल ही में यूक्रेन अमेरिका सहित कुछ अधिकारियों की सऊदीअरब के रियाद में संपन्न हुई जिसमें तीन मुद्दों पर आपसी सहमति बनी (1) यूक्रेन मुद्दे पर शांति समझौते के लिए दोनों देश टीम बनाएंगे।ये टीमें लगातार बातचीत करेंगीं। (2) अमेरिका ने कहा कि बैठक का मकसद होगा युद्ध को स्थायी तौर पर खत्म करना। (3) अमेरिका ने कहा कि शांति बहाल करने की कोशिशों में किसी न किसी तरह यूक्रेन और यूरोप को भी शामिल किया जाएगा। हम ऐसा हल निकालेंगे जो युद्ध से प्रभावित हर पक्ष को स्वीकार हो। बयानों से ऐसा प्रतीत होता है कि बैठकों में यूक्रेन और यूरोप को शामिल ने कर ट्रंप एकला चलो की राह पर यूरोपीय संघ व यूक्रेन को नजर अंदाज कर रहे हैं,जो रेखांकित करने वाली बात है। रियाद बैठक के बाद अब सबकी नज़रें ट्रंप-पुतिन की संभावित बैठक पर लगी हुई है?।चूँकि डोनाल्ड ट्रंप ने रूस यूक्रेन युद्ध का ठीकरा यूक्रेन पर फोड़कर अपनी रणनीति का संकेत दिया है तथा यूक्रेन में युद्ध पर यूरोपीय संघ के आपातकालीन शिखर सम्मेलन में ट्रंप की अनदेखी कर ट्रंप की शांति प्रक्रिया से यूरोप अलग- थलग पड़ा हैं? इसलिए आज हम मीडिया उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,रूस यूक्रेन पीस स्टॉक में अपने ही देश में जंग पर चर्चा से बाहर है यूक्रेन! पूरे विश्व की निगाहें ट्रंप पुतिन की संभावित बैठक पर लगी हुई है ?

साथियों बात अगर हम रूस यूक्रेन युद्ध में ट्रंप के बदले रुख कि करें तो, यूक्रेन और रूस के बीच जारी जंग को लेकर अमेरिका का रुख डोनाल्ड ट्रंप के सत्ता में आने के बाद से बदला हुआ लग रहा है। उन्होंने पिछले दिनों यह कहकर यूक्रेन समेत सभी को चौंका दिया था कि जंग के लिए कीव जिम्मेदार है। अब तक जो बाइडेन सरकार यूक्रेन का समर्थन कर रही थी और रूस को ही इस जंग की वजह बता रही थी। ऐसे में अब युद्ध का ठीकरा यूक्रेन पर फोड़कर डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी बदली नीति का संकेत दिया है। उन्होंने कहा कि रूस और यूक्रेन युद्ध के लिए कीव जिम्मेदार है। यूक्रेन में युद्ध अगले सप्ताह अपने चौथे वर्ष में प्रवेश कर जाएगा। इस बीच यूक्रेन और रूस के लिए अमेरिका के विशेष दूत कीव पहुंचे हैं। वह यहां राष्ट्रपति जेलेंस्की एवं सैन्य कमांडरों के साथ बातचीत करेंगे। रूस को अलग-थलग करने की अपनी वर्षों पुरानी नीति में अमेरिका के बदलाव लाने के बीच के लॉग यूक्रेन का दौरा कर रहे हैं। सऊदी अरब में शीर्ष अमेरिकी और रूसी राजनयिकों के बीच वार्ता हुई थी। इसमें यूक्रेन और उसके यूरोपीय समर्थकों को दरकिनार कर दिया गया था। ट्रंप की टिप्पणियों से यूक्रेनी अधिकारियों को परेशानी हो सकती है, जिन्होंने रूसी आक्रमण से लड़ने में यूरोपीय देशों से मदद करने का आग्रह किया है। रूस-यूक्रेन युद्ध 24 फरवरी 2022 को शुरू हुआ था। इस बीच, रूसी सेना द्वारा यूक्रेन के पूर्वी क्षेत्रों में लगातार किए जा रहे हमले से यूक्रेनी सेना कमजोर हो रही है, जिसे धीरे-धीरे लेकिन लगातार 1,000 किलोमीटर की अग्रिम पंक्ति में कुछ मोर्चों पर पीछे धकेला जा रहा है।बता दें कि डोनाल्ड ट्रंप खुद को व्लादिमीर पुतिन का मित्र बताते रहे हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि सऊदी अरब की मध्यस्थता के साथ कोई रास्ता निकाला जा सकता है।

# रानी चेन्नम्मा



रानी चेन्नम्मा का दक्षिण भारत के कर्नाटक में वही स्थान है जो स्वतंत्रता संग्राम के संदर्भ में झांसी की रानी लक्ष्मीबाई का है। चेन्नम्मा ने लक्ष्मीबाई से पहले ही अंग्रेज़ों की सत्ता को सशस्त्र चुनौती दी थी और अंग्रेज़ों की सेना को उनके सामने दो बार मुँह की खानी पड़ी थी।

### परिचय

चेन्नम्मा का अर्थ होता है- सुंदर कन्या। इस सुंदर बालिका का जन्म 23 अक्तूबर, 1778 ई. में दक्षिण के कित्तूर (कर्नाटक) नामक स्थान पर काकतीय राजवंश में हुआ था। पिता धूलप्पा और माता पद्मावती ने उसका पालन-पोषण राजकुल के पुत्रों की भाँति किया। उसे संस्कृत भाषा, कन्नड़ भाषा, मराठी भाषा और उर्दू भाषा के साथ-साथ घुड़सवारी, अस्त्र शस्त्र चलाने और युद्ध-कला की भी शिक्षा दी गई।

### विवाह

चेन्नम्मा का विवाह कित्तूर के राजा मल्लसर्ज के साथ हुआ। कित्तूर उन दिनों मैसूर के उत्तर में एक छोटा स्वतंत्र राज्य था। परन्तु यह बड़ा संपन्न था। यहाँ हीरे-जवाहरात के बाज़ार लगा करते थे और दूर-दूर के व्यापारी आया करते थे। चेन्नम्मा ने एक पुत्र को जन्म दिया, पर उसकी जल्दी मृत्यु हो गई। कुछ दिन बाद राजा मल्लसर्ज भी चल बसे। तब उनकी बड़ी रानी रुद्रम्मा का पुत्र शिवलिंग रुद्रसर्ज गद्दी पर बैठा और चेन्नम्मा के सहयोग से राजकाज चलाने लगा। शिवलिंग के भी कोई संतान नहीं थी। इसलिए उसने अपने एक संबंधी गुरुलिंग को गोद लिया और वसीयत लिख दी कि राज्य का काम चेन्नम्मा देखेगी। शिवलिंग की भी जल्दी मृत्यु हो गई।

### कित्तूर पर हमला

अंग्रेज़ों की नजर इस छोटे परन्तु संपन्न राज्य कित्तूर पर बहुत दिन से लगी थी। अवसर मिलते ही उन्होंने गोद लिए पुत्र को उत्तराधिकारी मानने से इन्कार कर दिया और वे राज्य को हड़पने की योजना बनाने लगे। आधा राज्य देने का लालच देकर उन्होंने राज्य के कुछ देशद्रोहियों को भी अपनी ओर मिला लिया। पर रानी चेन्नम्मा ने स्पष्ट उत्तर दिया कि उत्तराधिकारी का मामला हमारा अपना मामला है, अंग्रेज़ों का इससे कोई लेना-देना नहीं। साथ ही उसने अपनी जनता से कहा कि जब तक तुम्हारी रानी की नसों में रक्त की एक भी बूँद है, कित्तूर को कोई नहीं ले सकता। रानी का उत्तर पाकर धारवाड़ के कलेक्टर थैकरे ने 500 सिपाहियों के साथ कित्तूर का किला घेर लिया। 23 सितंबर, 1824 का दिन था। किले के फाटक बंद थे। थैकरे ने दस मिनट के अंदर आत्मसमर्पण करने की चेतावनी दी। इतने में अकस्मात किले के फाटक खुले और दो हज़ार देशभक्तों की अपनी सेना के साथ रानी चेन्नम्मा मर्दाने वेश में अंग्रेज़ों की सेना पर टूट पड़ी। थैकरे भाग गया। दो देशद्रोहियों को रानी चेन्नम्मा ने तलवार ने मौत के घाट उतार दिया। अंग्रेज़ों ने मद्रास और मुंबई से कुमक मंगा कर 3 दिसंबर, 1824 को फिर कित्तूर का किला घेर लिया। परन्तु उन्हें कित्तूर के देशभक्तों के सामने फिर पीछे हटना पड़ा। दो दिन बाद वे फिर शक्तिसंचय करके आ धमके। छोटे से राज्य के लोग काफ़ी बलिदान कर चुके थे। चेन्नम्मा के नेतृत्व में उन्होंने विदेशियों का फिर सामना किया, पर इस बार वे टिक नहीं सके। रानी चेन्नम्मा को अंग्रेज़ों ने बंदी बनाकर जेल में डाल दिया। उनके अनेक सहयोगियों को फाँसी दे दी और कित्तूर की मनमानी लूट की।

### मृत्यु

21 फ़रवरी, 1829 ई. को जेल के अंदर ही इस वीरांगना रानी चेन्नम्मा का देहांत हो गया।

### अंग्रेज़ों के विरुद्ध युद्ध

कर्नाटक की पूर्व रियासत पर आक्रमण करने के उद्देश्य से वर्ष 1824 में, 20,000 ब्रिटिश सैनिकों का एक बेड़ा कित्तूर किले की तलहटी में तैनात हुआ। परंतु रानी चेन्नम्मा ने उनक सामना किया और अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिये एक ब्रिटिश अधिकारी को मार डाला।



मार्शल आर्ट और सैन्य रणनीति में प्रशिक्षित, वह एक दुर्जेय नेता थीं।

उन्होंने ब्रिटिश सेना का सामना करने के लिये गुरिल्ला युद्ध रणनीति अपनाकर युद्ध में अपनी सेना का नेतृत्व किया।

यह संघर्ष कई दिनों तक जारी रहा किंतु अंततः अपने बेहतर हथियारों के परिणामस्वरूप अंग्रेज़ विजयी हुए।

विरासत-

बैलहोंगल किले (बेलगावी, कर्नाटक) में रानी चेन्नम्मा को कैद कर लिया गया किंतु उनकी हौसला अटूट रहा।

उनके विद्रोह ने अनगिनत लोगों को ब्रिटिश शासन के विरुद्ध युद्ध करने के लिये प्रेरित किया। वह साहस और अवज्ञा का प्रतीक बन गईं।

वर्ष 2007 में भारत सरकार ने उनके नाम पर एक डाक टिकट जारी कर उन्हें सम्मानित किया।

रानी चेन्नम्मा को एक रक्षक और संरक्षक के रूप में प्रदर्शित करते हुए कई कन्नड़ लावणी अथवा लोक गीत गाए जाते हैं।

लावणी एक जीवंत और अभिव्यंजक लोक कला है जिसकी जड़ें महाराष्ट्र की सांस्कृतिक विरासत में निहित हैं, लेकिन इसे कर्नाटक के कुछ हिस्सों में भी जगह मिली है।

लावणी÷ शब्द मराठी शब्द लावण्या÷ से लिया गया है, जिसका अर्थ है सुंदरता।

लावणी पारंपरिक गीत और नृत्य का एक

# अदाणी ग्रुप के पास कैश का भंडार, कर्ज चुकाने में नहीं होगी कोई दिक्कत




नई दिल्ली (एजेंसी)। अदाणी समूह का कहना है उसके पास कर्ज चुकाने के लिए पर्याप्त नकदी है और उसने दिसंबर 2024 को खत्म 12 महीनों में रिकॉर्ड प्री-टैक्स मुनाफा हासिल किया। समूह ने निवेशकों और लेनदारों को यह भरोसा दिलाने की कोशिश की कि उसका कारोबार मजबूत स्थिति में है।

अदाणी समूह ने अपनी वित्तीय रिपोर्ट में कहा कि अगले 28 महीनों तक लॉन्ग टर्म लोन चुकाने के लिए नकदी की कोई कमी नहीं होगी। ग्रुप के पास कुल 53,024 करोड़ रुपये कैश था। यह रिपोर्ट मार्च 2025 को खत्म होने वाले वित्त वर्ष के पहले नौ महीनों के लिए जारी की गई।

इस रिपोर्ट के अनुसार, समूह की सभी कंपनियों में इतनी लिक्विडिटी है कि वे कम से कम अगले 12 महीनों तक अपने कर्ज की देनदारी को पूरा कर सकें। 30 सितंबर 2024 तक ग्रुप के पास 58,908 करोड़ रुपये का कैश बैलेंस था। यह वित्त वर्ष 2023-24 (अप्रैल 2023 से मार्च 2024) के दौरान अर्जित कुल 59,791 करोड़ रुपये की तुलना में थोड़ा कम है। वहीं, नकदी शेष समूह के कुल कर्ज का 20.5 फीसदी है।

समूह की कुल संपत्ति का मूल्य 5.53 लाख करोड़ रुपये है, जो करीब तीन दशक में बनी है। रिपोर्ट के अनुसार, समूह की सकल संपत्ति से शुद्ध कर्ज का अनुपात वित्त वर्ष 2024 की तुलना में सुधार होकर 2.7 गुना हो गया है।

वित्त वर्ष 2024 के अंत में समूह का सकल कर्ज 2.41 लाख करोड़ रुपये था, जो अब बढ़कर 2.58 लाख करोड़ रुपये हो गया है। हालांकि, नकदी को समायोजित करने के बाद शुद्ध कर्ज 1.81 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 2.05 लाख करोड़ रुपये हो गया है।

दिसंबर 2024 को खत्म 12 महीनों में अदाणी समूह का EBITDA (ब्याज, कर, मूल्यह्रास और परिशोधन से पहले की आय) 86,789 करोड़ रुपये पहुंच गया। यह सालाना आधार पर 10.1 फीसदी की ग्रोथ है। अगर इसे पूर्व आय से समायोजित किया जाए, तो यह वृद्धि 21.3 फीसदी तक पहुंच जाती है।

सिर्फ दिसंबर तिमाही में ही EBITDA 17.2 फीसदी बढ़कर 22,823 करोड़ रुपये हो गया।

## शेयर को टुकड़ों में बांटने की तैयारी में कंपनी, खबर के बाद खरीदने की लूट



नई दिल्ली (एजेंसी)। सिरेमिक कंपनी वेसुवियस इंडिया लिमिटेड के शेयरों में गुरुवार को गजब की तेजी देखी गई। कंपनी के शेयर आज करीबन 8% तक चढ़कर 3892.60 रुपये के इंट्रा डे हाई पर पहुंच गए थे। शेयरों में इस तेजी के पीछे एक ऐलान है। दरअसल, कंपनी ने कहा कि उसके बोर्ड मेंबर स्टॉक स्प्लिट पर विचार करेगी। बता दें कि पिछले साल सितंबर में पहुंचे 5,999 रुपये के अपने लाइफ टाइम हाई से स्टॉक में 40 प्रतिशत की गिरावट आई है। छह महीने में इसमें 30% तक की गिरावट देखी गई है। इस साल भी अब तक यह शेयर 20% तक टूट चुका है।

वेसुवियस इंडिया ने ऐलान किया कि उसके बोर्ड मेंबर स्टॉक स्प्लिट के प्रस्ताव पर विचार करने के लिए 26 फरवरी को बैठक करेगा। इसके अलावा, शेयर विभाजन के साथ-साथ निदेशक मंडल अपने शेयरधारकों को डिविडेंड जारी करने के प्रस्ताव पर भी विचार करेगा। वेसुवियस इंडिया ने पिछले पांच सालों में अपने शेयरधारकों को प्रति शेयर कुल 43 रुपये का डिविडेंड दिया है। अब कंपनी पहली बार स्टॉक स्प्लिट करेगी। इसके शेयरों का वर्तमान में फेस वैल्यू 10 रुपये है। इसके अलावा वेसुवियस इंडिया ने कभी भी अपने निवेशकों को बोनस शेयर जारी नहीं किए हैं।

## 1140 पर जाएगा यह शेयर, नुवामा का अनुमान, शेयर खरीदने की लूट, मुकेश अंबानी का है कंपनी में बड़ा दांव



नई दिल्ली (एजेंसी)। जस्ट डायल के शेयर आज गुरुवार 9त्न तक चढ़कर 911.90 रुपये के इंट्रा डे हाई पर पहुंच गए। बीएसई पर रिलायंस इंडस्ट्रीज के स्वामित्व वाली जस्ट डायल के शेयर 8.32% बढ़कर 911.90 पर पहुंच गए। 20 फरवरी को लगभग 18 लाख जस्ट डायल शेयरों ने स्टॉक एक्सचेंजों पर कारोबार किया, जबकि इसकी एक सप्ताह की औसत मात्रा 2 लाख इक्विटी शेयरों की थी। पिछले तीन सेशंस में जस्ट डायल के शेयरों में 17% से अधिक की तेजी आई है। जस्ट डायल के शेयरों में उछाल ब्रोकरेज फर्म नुवामा इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज द्वारा स्टॉक पर अपनी रेटिंग अपग्रेड करने के बाद आया है।

नुवामा इक्विटीज ने कहा कि वह जस्ट डायल शेयरों को होल्ड से बाय में अपग्रेड कर रहा है। स्टॉक नकदी के लिए समायोजित मार्केट कैप पर अट्रैक्टिव वैल्यू पर उपलब्ध मुख्य कारोबार के साथ बेहद आकर्षक लग रहा था। ब्रोकरेज ने जस्ट डायल शेयर टारगेट को 1,140 प्रति शेयर पर अपरिवर्तित रखा, जो बुधवार के बंद प्राइस से 35% से अधिक की बढ़ोतरी की संभावना दर्शाता है। ब्रोकरेज फर्म ने कहा जस्ट डायल ने दिसंबर 2024 तक 5,060 करोड़ नकद और नकद के बराबर जमा किया है, जो इसके कुल मार्केट कैप में लगभग 72% का योगदान देता है। नुवामा के अनुसार, अगर जस्ट डायल वित्त वर्ष 26 से डिविडेंड का भुगतान करना शुरू कर देता है, तो यह 7.3% की बहुत ही आकर्षक डिविडेंड यील्ड पर उपलब्ध होगा। Q3FY25 में जस्ट डायल के EBITDA मार्जिन में 130 बीपीएस क्यूओक्यू का सुधार हुआ और नुवामा को उम्मीद है कि प्रबंधन द्वारा उठाए गए लागत में कमी के उपायों के कारण राजस्व वृद्धि में मंदी के बावजूद यह काफी हद तक स्थिर रहेगा।

मुकेश अंबानी के स्वामित्व वाली रिलायंस रिटेल वेंचर्स के पास दिसंबर 2024 तक जस्ट डायल में 63.84% की बहुमत हिस्सेदारी है और कंपनी की रणनीतियों में एक प्रमुख प्लेयर है।

## रक्षा मंत्रालय से मिला मेगा ऑर्डर, शेयर खरीदने की लूट, 260 पर आया भाव, कभी चवन्नी के भाव पर था शेयर



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) के शेयर गुरुवार को 3त्न तक चढ़कर 260.60 रुपये के इंट्रा डे हाई पर पहुंच गए थे। शेयरों में इस तेजी के पीछे एक बड़ा कॉन्ट्रैक्ट है। दरअसल, कंपनी को रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार, 20 फरवरी को कहा कि उसने इंडियन कोस्ट गार्ड के लिए 1,220.12 करोड़ रुपये में 149 सॉफ्टवेयर डिफाइन्ड रेडियो खरीदने के लिए भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) के साथ एक कॉन्ट्रैक्ट किया है। मंत्रालय ने कहा, रेडियो हाई स्पीड डेटा और सिक्योर वाइस कम्युनिकेशन के जरिए सुरक्षित और विश्वसनीय सूचना साझा करने, सहयोग और स्थितिजन्य जागरूकता को सक्षम करेगा।

पिछले हफ्ते, नवरत्न रक्षा पीएसयू ने मेक इन इंडिया पहल के तहत कहा था कि उसने डसॉल्ट एविएशन राफेल पर लगे आरबीई2 रडार के लिए अपने 7,000वें ट्रांसमिट/रिसीव (टी/आर) मॉड्यूल का निर्माण किया है और इसे थेल्स तक पहुंचाया है। इस महीने की शुरुआत में कंपनी को 962 करोड़ के ऑर्डर भी मिले, जिसमें भारतीय नौसेना को इलेक्ट्रो-ऑप्टिक फायर कंट्रोल सिस्टम (ईओएफसीएस) की सप्लाई के लिए 610 करोड़ का इस महीने की शुरुआत में, कंपनी को 962 करोड़

## SBI के बाद अब PNB ने भी घटाई ब्याज दर, किस रेट पर मिलेगा होम

नई दिल्ली (एजेंसी)। सरकारी क्षेत्र के पंजाब नेशनल बैंक ने गुरुवार को होम और ऑटो लोन समते भी रिटेल लोन की ब्याज दर में 25 बेसिस प्वाइंट तक की कमी का एलान किया है। PNB ने एक बयान में बताया कि नई संशोधित दरें होम लोन , कार लोन, एजुकेशन और पर्सनल लोन समेत कई उत्पादों पर लागू होंगी। इससे ग्राहकों को सस्ती दर पर लोन मिलेगा। RBI ने 7 फरवरी को पांच साल बाद रेपो रेट में 25 बेसिस प्वाइंट की कटौती कर इसे 6.25 फीसदी कर दिया था। उसके बाद से SBI और बैंक ऑफ बड़ौदा समेत कई सरकारी बैंक रेपो लिंक्ड लेंडिंग रेट का फायदा ग्राहकों को ट्रांसफर कर चुके हैं।



PNB ने होम लोन की ब्याज दर घटाकर 8.15 फीसदी कर दी। इसने मार्च 31, 2025 तक प्रोसेसिंग शुल्क व डॉक्युमेंटेशन चार्ज माफ कर दिया है।

PNB का पारंपरिक होम लोन योजना 8.15 फीसदी वार्षिक ब्याज दर से शुरू होती है, जिसमें प्रति लाख EMI 744 रुपये होगा।

नए और पुराने वाहनों के लिए ऑटो लोन की ब्याज दर 8.50 फीसदी होगी। EMI 1,240 रुपये प्रति लाख से शुरू रहेगी।।

सस्टेनेबल मोबिलिटी को बढ़ावा देने के लिए PNB 0.05 फीसदी की अतिरिक्त रियायत देता है।

एजुकेशन और पर्सनल लोन में कटौती- पंजाब नेशनल बैंक ने एजुकेशन लोन की न्यूनतम ब्याज दर 7.85 फीसदी कर दी है।

ग्राहक अधिकतम 20 लाख रुपये तक पर्सनल लोन डिजिटल माध्यम से ले सकते हैं। इसके लिए किसी शाखा में जाने या दस्तावेज जमा करने की जरूरत नहीं होगी। नई ब्याज दर 11.25 फीसदी से शुरू होगी।

PNB ने बताया कि नई दरें 10 फरवरी 2025 से प्रभावी हो गई हैं। इससे पहले, इस महीने की शुरुआत में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने भी RBI की रेपो रेट कटौती के हिसाब से रिटेल लोन में 25 बेसिस पॉइंट की कटौती की थी।

RLLR यानी रेपो लिंक्ड लेंडिंग रेट वह दर होती है, जिस पर बैंक ग्राहकों को लोन देते हैं। यह सीधे RBI के रेपो रेट से लिंक्ड होती है। जो ग्राहक RLLR लिंक्ड होम लोन का विकल्प चुनते हैं, उनकी ब्याज दर RBI की रेपो रेट में बदलाव के हिसाब से कम होती है या बढ़ती है। होम लोन में ज्यादातर ग्राहक फ्लोटिंग रेट की चुनते हैं, जो RLLR से जुड़े होते हैं। RLLR में कटौती के बाद बैंक ग्राहकों को EMI घटाने या फिर लोन की अवधि कम कराने का विकल्प देते हैं।

## करोड़ों किसानों के लिए बड़ी खुशखबरी, इस दिन आ रही है पीएम किसान की 19वीं किस्त



नई दिल्ली (एजेंसी)। पीएम किसान योजना के तहत 19वीं किस्त का इंतजार कर रहे करोड़ों किसानों के लिए बड़ी खुशखबरी है। अगले सप्ताह करोड़ों किसानों के खाते में पीएम किसाम सम्मान निधि योजना की 19वीं किस्त जारी कर दी जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 24 फरवरी को बिहार के भागलपुर से पीएम किसान सम्मान निधि की 19वीं किस्त जारी करेंगे। इसकी ऑफिशियल घोषणा कर दी गई है। बता दें कि पीएम किसान स्कीम के तहत खाते में सालाना 6 हजार रुपये भेजे जाते हैं। किसानों के खाते में ये राशि हर 4 महीने के अंतराल में 3 किस्तों में दी जाती है।

बता दें कि पीएम किसान योजना की किस्त पाने के लिए ईकेवाईसी रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है। पीएम किसान योजना के तहत ईकेवाईसी अपडेट करने के लिए किसानों के पास तीन तरीके हैं।

दैनिक हिन्दकुश
सर्वे भवन्तु सुखिनः
hindkush.in
24x7 News portal
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित
jagrayam.com
online news magazine
ऑनलाईन संवाददाता/ब्यूरो प्रतिनिधि चाहिए
हिन्दकुश मीडिया
hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

# तुम बैंकाक के गैंगस्टरों से जुड़ी हो, महिला को 20 घंटे डिजिटल अरेस्ट कर ठगे तीन लाख रुपये



खंडवा। तुम्हारा पार्सल बैंकाक पहुंच गया है।हम दिल्ली से पुलिस अधिकारी बोल रहे हैं।तुम्हारा पार्सल जिन लोगों के पास पहुंचा है, वो बैंकाक के गैंगस्टर है और तुम भी उनसे जुड़ी हो।इस तरह वीडियो कॉल कर सायबर ठगों ने एक महिला को ठगी का शिकार बनाया। महिला को बदमाशों ने 20 घंटे तक डिजिटल अरेस्ट रखा और उससे तीन लाख रुपये ठग लिए। ठगने के बाद भी बदमाशों के हौसले इतने बुंलद थे कि उन्होंने फोन काटने से पहले महिला को यह तक कह दिया कि हम कोई पुलिस वाले नहीं है, हम तो ठग है और हमने तुम्हें ठग लिया है।

सायबर ठगों का निशाना बनी महिला अब तक सदमे से उबर नहीं पाई है। मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है। महिला के साथ डिजिटल अरेस्ट कर ठगी दिसंबर में हुई थी।

अब मामले की शिकायत कोतवाली पुलिस और सायबर सेल में की गई है। कोतवाली पुलिस ने मामले में अज्ञात बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

पीड़िता ने पुलिस को शिकायत में बताया कि खाता क्र. 20100034056692, 11820100225760 के धारक ने गूगल पे एवं स्काइप कॉलिंग व पुलिस बनकर वीडियो कॉलिंग के माध्यम से धोखाधड़ी पूर्वक छल करके कुल तीन लाख 12 हजार 495 रुपये ऐंठ लिए।

सुबह 10 से अगले दिन सुबह छह बजे तक रखा अरेस्ट

पीड़िता के स्वजन ने बताया कि बेटी के पास सात दिसंबर 2024 को कॉल आया था।उसमें वो लोग पुलिस अधिकारियों के भेष में थे। पहले उन्होंने कहा कि हम दिल्ली से बोल रहे हैं। आपका एक पार्सल है जो बैंकाक पहुंच गया है। स्वजन ने बताया कि हम लोग आनलाइन चिजे मंगवाते रहते हैं इसलिए हो सकता है कोई सामान गलत चला गया हो।

इस पर बेटी उनकी बातों में आ गई। बदमाशों ने उसे पुलिस अधिकारी बनकर धमकाया कि तुम्हारा पार्सल जहां पहुंचा है वो गैंगस्टर है और मनी लॉड्रिंग, मर्डर जैसे कार्यों में लिप्त है तुम्हारा भी उन लोगों से कनेक्शन है। इस तरह बेटी को डराया गया।

रुपये डालो, गैंगस्टर रुपये निकालने आएंगे तो हम पकड़ लेंगे

बदमाशों ने महिला से कहा कि तुम्हारे सारे अकाउंट की जानकारी बैंकाक के गैंगस्टरों को भी है। आप इसमें रुपये ट्रांजेक्शन करो, गैंगस्टर ये रुपये निकाले के लिए आएंगे तो हम उन्हें पकड़ लेंगे।

और तुम्हारा रुपये तुम्हें बाद में वापस मिल जाएगा। यदि ऐसा नहीं किया तो हमें तुम्हें भी गिरफ्तार करना पड़ेगा, क्योंकि तुम भी गैंगस्टरों से जुड़ी हुई हो।

फोन मत काटना नहीं तो मुसीबत में पड़ जाओगी, हम तुम पर नजर रख रहे हैं। इस महिला को बदमाशों ने करीब 20 घंटे डिजिटल अरेस्ट कर उससे तीन लाख रुपये ऐठ लिए।

# शातिर क्रिमिनल... नए नाम से आधार बनवाकर कई महिलाओं संग लिव इन में रहा, फिर किया एक मर्डर



दीप प्रजापति। मुख्य आरोपित अवकेश उर्फ विकास। आरोपित उत्कर्ष।

भोपाल। छोला मंदिर थाना इलाके से ऑटो ड्राइवर संदीप प्रजापति का एक लाख रुपये की फिरौती के लिए अपहरण कर उसकी हत्या करने के मामले की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। वारदात के बाद से फरार चल रहे दुर्दांत अपराधी अवकेश उर्फ विकास जायसवाल को पुलिस ने कर्नाटक से लगातार तीन दिन तक पीछा करते हुए हैदराबाद से गिरफ्तार कर लिया है।

पूछताछ में पता चला कि मूलतः कोरबा का रहने वाला विकास फरारी काटने इंदौर पहुंचा था। इंदौर में किसी अवकेश की आईडी का इस्तेमाल कर वह खुद अवकेश बन गया था। इसी नाम से उसने इंदौर में आधार कार्ड बनवाया। फिर उस आधार कार्ड से ड्राइविंग लाइसेंस बनवाकर वह ट्रक ड्राइवर बन गया।

कई महिलाओं के साथ लिव इन में रहा- इंदौर में एक अपराध करने के बाद उसने भोपाल में अपना ठिकाना बना लिया था। उसने कई राज्यों में न सिर्फ अपराध किए, बल्कि पांच-छह महिलाओं के साथ लिव इन में भी रहा। पुलिस ने पूछताछ के लिए उसे 12 दिन के रिमांड पर लिया है।

पुलिस उपायुक्त जोन-चार, जितेंद्र सिंह पवार ने बताया कि राजधानी के शंकर नगर निवासी 22 वर्षीय संदीप पुत्र परमसिंह प्रजापति दो दिसंबर 2024 को आटो सहित लापता हो गया था। तीन दिसंबर को संदीप की बहन के पास संदीप के दोस्त अवकेश जायसवाल का फोन आया।

एक लाख रुपये की फिरौती मांगी- उसने संदीप की सलामती के लिए पेटीएम के माध्यम से एक लाख रुपये की फिरौती मांगी थी। इस मामले में पुलिस अपहरण का प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच कर रही थी। इस दौरान सात दिसंबर को देलावाड़ी के जंगल में संदीप का सिर कुचला हुआ शव बरामद हुआ।

## ठगों के झांसे में आए प्रोफेसर... बैंक मैनेजर व पुलिस अधिकारी ने समझाया, फिर भी लुटाए 2 करोड़




इंदौर। शेयर बाजार में निवेश से बड़े मुनाफे के झांसे में आए 84 वर्षीय प्रोफेसर को साइबर ठगों ने 1 करोड़ 70 लाख 45 हजार रुपये का चूना लगा दिया। इतनी रकम ठगों ने नौ खातों में 10 बार में उनसे जमा कराई।

वह मंगलवार को जब 36 लाख रुपये निकालने के लिए बैंक गए तो संदेह होने पर बैंक मैनेजर ने प्रोफेसर को आगाह किया, लेकिन वह नहीं माने। इस पर बैंक मैनेजर ने क्राइम ब्रांच के एडिशनल डीसीपी को फोन पर इसकी सूचना दे दी।

एडीसीपी की भी बात मानने से किया इंकार- एडीसीपी ने घर जाकर प्रोफेसर को समझाया कि साइबर ठग उनसे ठगी कर रहे हैं, वह इसकी शिकायत दर्ज कराएं, लेकिन प्रोफेसर ठगी की बात मानने को ही तैयार नहीं हुए। ठगी का शिकार हुए बुजुर्ग प्रोफेसर इंदौर शहर में स्कीम नंबर 94 के निवासी हैं।

वह महाराष्ट्र के भंडारा स्थित आर्डिनेंस फैक्ट्री के स्कूल में प्रिंसिपल की जिम्मेदारी से रिटायर्ड होने के बाद इंदौर के कोठारी कालेज में प्रोफेसर रहे। बुधवार को ठगी की शिकायत उन्होंने पुलिस हेल्प लाइन पर दर्ज कराई। एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया के अनुसार प्रारंभिक जांच में पाया गया है कि जिन बैंक खातों में रकम निकाली कराई गई है।

## मां की गोद से शिवाय को छीनने वाला आरोपित गिरफ्तार, पैर में लगी गोली



ग्वालियर। एक करोड़ रुपये की फिरौती के लिए मां की गोद से छह साल के शिवाय को छीनकर ले जाने वाले अपहरण के मुख्य आरोपित भोला गुर्जर को पुलिस ने तिघरा रोड से चेकिंग के दौरान गिरफ्तार कर लिया। बुधवार दोपहर एसआईटी ने अपहरण कांड में पुलिस ने रेकी करने वाले दो अन्य आरोपितों मोनू गुर्जर और भूरा गुर्जर को भी गिरफ्तार कर उनका जुलूस निकाला और घटनास्थल का निरीक्षण कराते हुए वहां तक ले गए, जहां से बालक का अपहरण किया गया था। दोनों चाचा-भतीजे बताए गए हैं। मुरार पुलिस ने घटनास्थल पर क्राइम सीन रीक्रिएट भी किया।

राहुल और धर्मेंद्र अभी फरार- बता दें इस मामले में दो आरोपित राहुल कंसाना और धर्मेंद्र गुर्जर अभी भी फरार हैं। पुलिस का दावा है कि मुख्य आरोपित को पकड़ने के दौरान आरोपित भोला गुर्जर को पैर में गोली भी लगी।

## मैहर में तेज रफ्तार स्कॉर्पियो बस से टकराई, प्रयागराज जा रहे भोपाल के 4 श्रद्धालुओं की मौत



मैहर। गुरुवार अलसुबह 3 बजे एनएच 30 पर एक सड़क हादसे में जहां 4लोगों की मौत हो गई है, वहीं दो लोग गंभीर रूप से घायल हैं। घायलों को इलाज के लिए संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसा उस समय हुआ जब स्कॉर्पियो सवार राम मंदिर के पास प्रयागराज जा रही बस को पीछे से तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने टक्कर मार दी।

स्कॉर्पियो में सवार भोपाल के 7 कुंभ यात्रियों में से 3 की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक महिला की मौत अस्पताल में हो गई है। दो अन्य यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

घायलों को पहले सिविल अस्पताल मैहर लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें रीवा के संजय गांधी अस्पताल रेफर कर दिया गया।

हादसे के बाद बस ड्राइवर मौके से फरार हो गया। घायलों का हाल जानने मैहर तहसीलदार जितेंद्र पटेल सिविल अस्पताल पहुंचे। सभी यात्री प्रयागराज कुंभ मेले में जा रहे थे। मैहर कलेक्टर रानी बाटड ने बताया कि घटना के बाद इसकी जानकारी मृतक के परिवारजनों दी गई है। घायलों को इलाज के लिए रीवा के संजय गांधी अस्पताल के लिए रेफर किया गया है।



दैनिक हिन्दकुश

# मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किया भारतीय पत्रकारिता महोत्सव की थीम का शुभारम्भ





इंदौर। स्टेट प्रेस क्लब, म.प्र. द्वारा 12, 13 एवं 14 अप्रैल को आयोजित सत्रहवें भारतीय पत्रकारिता महोत्सव की थीम का शुभारंभ मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किया। इस अवसर पर स्टेट प्रेस क्लब, म.प्र. के अध्यक्ष श्री प्रवीण कुमार खारीवाल ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को महोत्सव में पधारने का निमंत्रण दिया। महोत्सव के संयोजक श्री सुदेश तिवारी ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि इस मर्तबा महोत्सव 'एआई और परिवर्तन' पर केंद्रित पर रहेगा। महोत्सव में देश के 150 से अधिक वरिष्ठ पत्रकार ङ्क सम्पादक हिस्सा लेंगे। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने सात मूर्धन्य संपादक राहुल बारपुते, राजेंद्र माथुर, प्रभाष जोशी, माणकचंद बाजपेयी ÷मामा जी÷, रमेशचंद्र अग्रवाल, अभय छजलानी एवं डॉ. वेद प्रताप वैदिक की स्मृति में आयोजित होने वाले आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर बीजेपी के प्रदेश प्रवक्ता नरेंद्र सलूजा, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी दीपक जैन टीनू, भाजपा इंदौर के मीडिया प्रभारी रीतेश तिवारी भी विशेष रूप से मौजूद थे।

स्टेट प्रेस क्लब, म.प्र. के पदाधिकारी श्री घनश्याम पटेल, श्री कमल कस्तूरी, श्री आलोक बाजपेयी, श्री आकाश चौकसे, सुश्री सोनाली यादव, सुश्री शीतल रॉय, श्री यशवर्धन सिंह, श्री बंसी लालवानी, श्री अजय भट्ट, श्री कुमार लाहोटी, श्री पुष्कर सोनी, श्री कृष्णकांत रोकड़े, श्री सत्यजीत शिवणेकर, श्री सुदेश गुप्ता, श्री प्रवीण धनोतिया, श्री रोहित गरवाल एवं श्री संजय मेहता ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव का स्वागत किया।

## इंदौर जिले की मदिरा दुकानों का वर्ष 2025-26 हेतु निष्पादन नवीनीकरण और लॉटरी आवेदन के माध्यम से होगा

इंदौर। वर्ष 2025-26 हेतु घोषित आबकारी नीति के अनुसार इंदौर जिले में वर्तमान में संचालित 173 मदिरा दुकानों के 64 समूहों का निष्पादन प्रथमतः वर्तमान लायसेंसियों से वर्ष 2024-25 के प्रचलित मूल्य में 20 प्रतिशत वृद्धि कर आवेदन आमंत्रित कर किया जायेगा। जिन समूहों पर नवीनीकरण आवेदन प्राप्त नहीं होंगे उन पर अन्य आवेदकों से लॉटरी आवेदन आमंत्रित कर उनका निष्पादन किया जायेगा। नवीनीकरण आवेदन 21 फरवरी 2025 तक प्राप्त किए जाएंगे । इसके पश्चात लॉटरी आवेदन 22 फरवरी 2025 से 27 फरवरी 2025 तक प्राप्त किए जाएंगे। नवीनीकरण आवेदन और लॉटरी आवेदन के माध्यम से निष्पादन 27 फरवरी 2025 को किया जायेगा। दिये गये निर्देशानुसार, निष्पादन के प्रत्येक चरण यथा नवीनीकरण, लॉटरी एवं ई-टेण्डर/ई-टेण्डर कम ऑक्शन में भाग लेने हेतु प्रत्येक व्यक्ति/फर्म/लिमिटेड लायबिलिटी पार्टनरशिप/कंपनी/कन्सॉर्टियम आदि को ई-आबकारी पोर्टल पर पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। इसके लिए ई-आबकारी पोर्टल पर कोई भी व्यक्ति कॉन्ट्रेक्टर रजिस्ट्रेशन मॉडयूल का चयन कर निर्धारित जानकारी, आवश्यक दस्तावेज अपलोड कर तथा निर्धारित शुल्क का भुगतान कर पंजीयन करा सकते हैं। बिना पंजीयन के कोई भी आवेदन पत्र मान्य नहीं किया जायेगा निष्पादन के संबंध में आवश्यक जानकारी सहायक आबकारी आयुक्त कार्यालय से अवकाश के दिनों सहित कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है।

## मल्हारगंज के प्रभारी झोनल चिकित्सा अधिकारी को नोटिस जारी

इंदौर। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सिद्धार्थ जैन ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों में उदासीनता पाये जाने पर मल्हारगंज के प्रभारी झोनल चिकित्सा अधिकारी को नोटिस जारी किया है। उल्लेखनीय है कि विगत 13 फरवरी को कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में गर्भवती पंजीयन की समीक्षा के दौरान पाया गया था कि झोन मल्हारगंज में अनुपातिक लक्ष्य 16 हजार 299 के विरुद्ध 12 हजार 078 (74.10त्न) की उपलब्धि प्राप्त की गई है।

## स्कूटी मिलने से अहिल्याश्रम स्कूल की 3 प्रतिभावान छात्राएं है बेहद खुश- कॉलेज जाने में नहीं होगी कोई परेशानी

इंदौर। शर्मिली, खुशी और तनिषा बेहद खुश है। इन तीनों प्रतिभावान छात्राओं को स्कूटी के लिए राज्य शासन से 3 लाख 60 हजार रुपये की आर्थिक मदद मिली है। इस राशि से वे अपनी पसंद की स्कूटी खरीदेंगी। स्कूटी से कॉलेज जाकर पूरे मनोयोग से पढ़ाई करेंगी और अपने उज्ज्वल भविष्य का मार्ग प्रशस्त करेंगी। यह तीनों बालिकाएं शासकीय सीएम राइज अहिल्याश्रम कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक- 2 की हैं।

विद्यालय के प्राचार्य श्री दीपक हलवे ने बताया कि इन तीनों छात्राओं को गत वर्ष कक्षा 12 की बोर्ड परीक्षा में एक समान 91.80प्रतिशत अंक प्राप्त हुए। विद्यालय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त होने पर इनका चयन राज्य शासन की स्कूटी योजना के तहत किया गया है। प्रत्येक छात्रा के बैंक खाते में प्रति छात्र एक लाख बीस हजार रुपये अंतरित हो गए हैं। उन्होंने बताया कि लाभान्वित छात्राओं में शर्मिली रवि वर्मा, तनिषा विष्णु यादव और खुशी मुरलीधर पवारिया शामिल है। इनको एक समान 459/500 अंक प्राप्त हुए और सभी विषयों में विशेष योग्यता प्राप्त हुई थी । स्कूटी के लिए राशि मिलने से तीनों बेहद खुश है। अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए पढ़ाई के साथ इसे भी एक बेहतर साधन मान रही है। उनका कहना है कि अब हमें कॉलेज जाने के लिए किसी तरह की परेशानी नहीं होगी। किसी पर भी आश्रित नहीं रहना होगा। समय पर कॉलेज पहुँचेंगे, अच्छी पढ़ाई करेंगे और अपने लक्ष्य को प्राप्त करेंगे। स्कूटी मिलने के लिए उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रति आभार व्यक्त किया है। इसी प्रकार विद्यालय की 77 छात्राओं को परीक्षा में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त हुए है।

# कुमेड़ी में बने नवनिर्मित आईएसबीटी पर बसों का संचालन मध्य मार्च तक हो जायेगा शुरू

इंदौर। इंदौर विकास प्राधिकरण, जिला प्रशासन, नगर निगम, वन विभाग आदि विभागों की समन्वय समीक्षा बैठक संभागायुक्त श्री दीपक सिंह की अध्यक्षता में संभागायुक्त कार्यालय में सम्पन्न हुई। बैठक में कलेक्टर श्री आशीष सिंह, नगर निगम आयुक्त श्री शिवम वर्मा, इंदौर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आर.पी. अहिरवार, नगर के चीफ इंजीनियर श्री डी.आर. लोधी, वनमंडल अधिकारी बीरेन्द्र के. पटेल सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में संभागायुक्त श्री सिंह ने इंदौर विकास प्राधिकरण, नगर निगम इंदौर, वन विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट देखी और समीक्षा की। बैठक में संभागायुक्त श्री सिंह ने निर्देश देते हुए कहा कि इंदौर विकास प्राधिकरण,




नगर निगम इंदौर, वन विभाग आदि विभाग समन्वय के साथ पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ कार्य करें। साईट पर जाकर देखें और लगातार मॉनिटरिंग करें।

संभागायुक्त श्री सिंह ने बताया कि कुमेड़ी स्थित आईएसबीटी लगभग बनकर तैयार हो गया है। अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त इस बस स्टैण्ड का संचालन अगले मार्च माह के मध्य तक शुरू हो जाएगा। शुरूआत में इस बस स्टैण्ड से गुजरात, राजस्थान और दिल्ली क्षेत्र में जाने वाली लगभग 200 बसें संचालित होगी। इससे शहर में यातायात का दबाव कम हो जायेगा। आने वाले दिनों में अन्य राज्यों की ओर जाने वाली बस की संख्या में बढ़ोतरी की जाएगी।

बैठक में संभागायुक्त श्री सिंह ने निर्देश दिए कि इस बस स्टैण्ड पर यात्रियों के लिए सभी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध रहें। बताया गया कि बस स्टैण्ड में यात्रियों और बसों के लिए अनेक सुविधाएं मौजूद हैं।

# स्वच्छ पीथमपुर अभियान, औद्योगिक क्षेत्र में पर्यावरण सुधार के लिए गठित टास्क फोर्स की बैठक सम्पन्न

इंदौर। इंदौर संभाग के धार जिले के पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र में पर्यावरण सुधार और प्रदूषण नियंत्रण के लिए स्वच्छ पीथमपुर अभियान की शुरुआत की गई है। कलेक्टर धार श्री प्रियंक मिश्रा की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय धार में हुई बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक चौधरी, सहायक कलेक्टर श्री वसीम अहमद बट, एसडीएम श्री प्रमोद गुर्जर सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। एमपीआईडीसी के कार्यकारी निदेशक श्री राजेश राठौर वर्चुअल रूप से बैठक में शामिल हुए।



पीथमपुर नहीं है क्रिटिकली पॉल्यूटेड एरिया- औद्योगिक प्रदूषण के व्यापक विश्लेषण के बावजूद पीथमपुर को क्रिटिकली पॉल्यूटेड एरिया की श्रेणी में शामिल नहीं किया गया है। हालांकि, पर्यावरण संरक्षण को लेकर सरकार लगातार निगरानी रख रही है और इसे और अधिक स्वच्छ एवं प्रदूषण मुक्त बनाने की दिशा में कार्य कर रही है।

प्रदूषण नियंत्रण के लिए संयुक्त प्रयास- बैठक में यह निर्णय लिया गया कि ग्राम पंचायत, नगर पालिका, पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड और एमपीआईडीसी संयुक्त रूप से कार्य करेंगे। गंदगी के स्त्रोतों की पहचान कर उनका प्रबंधन किया जाएगा। गैप एनालिसिस के आधार पर शोर, जल, वायु और प्लास्टिक प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए संबंधित विभागों को जिम्मेदारी सौंपी जाएगी।

मुख्य प्रदूषण कारक और समाधान- नाले में गंदे पानी का बहाव - घरेलू और औद्योगिक वेस्ट की पहचान कर इसे रोका जाएगा।

धूल और प्लास्टिक कचरा - सफाई व्यवस्था को मजबूत किया जाएगा और सिंगल-यूज प्लास्टिक पर सख्ती से रोक लगाई जाएगी।

शोर और वाहन प्रदूषण - पुलिस, आरटीओ और पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के संयुक्त प्रयास से कार्रवाई की जाएगी। सड़क क्षति - खदानों के कारण सड़कों को हो रहे नुकसान की जवाबदेही तय कर संबंधित विभागों से मरम्मत कराई जाएगी। औद्योगिक क्षेत्र को रहने योग्य बनाना - पर्यावरण सुधार के लिए उद्योगों को जागरूक किया जाएगा और MPPCB ओरिएंटेशन मीटिंग आयोजित करेगा।

तकनीकी संस्थानों का सहयोग लिया जाएगा- बैठक में यह भी प्रस्तावित किया गया कि इंदौर के इंजीनियरिंग कॉलेज के विद्यार्थियों को इस परियोजना में शामिल किया जाए। नेशनल एनवायर्नमेंटल इंजीनियरिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान करेगा।

पीथमपुर को आदर्श औद्योगिक क्षेत्र बनाने की योजना- बैठक में इस बात पर जोर दिया गया कि पीथमपुर को एक आदर्श औद्योगिक क्षेत्र के रूप में विकसित किया जाए, जिससे भविष्य में यहां बड़ी औद्योगिक इकाइयों के लिए अनुकूल वातावरण तैयार किया जा सके। पर्यावरण नियमों का सख्ती से पालन कराया जाएगा और राष्ट्रीय हरित अधिकरण तथा केंद्र एवं राज्य सरकार के निर्देशों के तहत कार्य किया जाएगा। स्वच्छ पीथमपुर अभियान के तहत सभी संबंधित विभाग समन्वय बनाकर कार्य करेंगे और समय-समय पर राज्य सरकार को प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी।

एक्शन प्लान और निगरानी व्यवस्था

लॉन्ग टर्म और शॉर्ट टर्म कार्य योजना तैयार की जाएगी।

थर्ड पार्टी असेसमेंट कराकर पर्यावरण प्रदूषण का निष्पक्ष आकलन किया जाएगा।

पहले नोटिस, फिर कार्रवाई - उल्लंघन करने वालों को पहले नोटिस देकर सुधार का समय दिया जाएगा, तत्पश्चात आवश्यक दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

जनभागीदारी सुनिश्चित की जाएगी - स्थानीय प्रशासन, उद्योग, मीडिया, सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों को अभियान में जोड़ा जाएगा।




मृत्युंजय महाकाल त्राहिमाम शरणागतः ,
जन्म मृत्यु जरा व्याधि पीड़ितो कर्म बंधनाह
भूतभावन बाबा श्री महाकालेश्वर प्रभु सभी को आरोग्यता प्रदान करें।

# शिव नवरात्रि के चतुर्थ दिवस भगवान श्री महाकालेश्वर ने श्री घटाटोप स्वरुप धारण कर भक्तों को दिये दर्शन

उज्जैन । मान्यता है कि जो भी व्यक्ति दक्षिणमुखी श्री महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन करता है, उसे मोक्ष की प्राप्ति होती है। ज्योतिष शास्त्र में भी उज्जैन का विशेष महत्व है। इसी के साथ ही श्री महाकालेश्वर मन्दिर के श्री गर्भगृह में माता पार्वती, भगवान श्री गणेश व श्री कार्तिकेय की मोहक प्रतिमाएं हैं। गर्भगृह के सामने विशाल कक्ष में श्री नंदीकेश्वर भगवान प्रतिमा विराजित है। साथ ही सम्पूर्ण मंदिर परिसर में श्री महाकालेश्वर भगवान के अतिरिक्त विभिन्न देवता विराजमान है।

श्री महाकालेश्वर मंदिर में शिवनवरात्रि का उत्सव बड़ी धूम-धाम व उल्हास के साथ मनाया जाता है। इस दौरान श्री महाकालेश्वर 25 फरवरी 2025 तक अलग-अलग नौ रूपों में श्रद्धालुओं को दर्शन देंगे।

श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रांगण स्थित कोटितीर्थ के तट पर प्रातः 08 बजे से श्री गणेश पूजन व श्री




कोटेश्वर महादेव भगवान का पूजन-अभिषेक-आरती के साथ शिव नवरात्रि महोत्सव के चतुर्थ दिवस का प्रारम्भ हुआ। श्री महाकालेश्वर मंदिर के मुख्य पुजारी श्री घनश्याम शर्मा के आचार्यत्व में 11 ब्राम्हणों द्वारा श्री महाकालेश्वर भगवान जी का अभिषेक एकादश-एकादशनी रूद्रपाठ से किया गया । पूजन का यह क्रम 25 फरवरी 2025 तक प्रतिदिन चलेगा 7 अपराह्न में 3 बजे सांध्य पंचामृत पूजन के पश्चात श्री महाकालेश्वर भगवान ने निराकार से साकार रूप धारण किया।

शिव नवरात्रि के चतुर्थ दिवस संध्या पूजन के पश्चात भगवान श्री महाकालेश्वर ने श्री घटाटोप स्वरुप धारण कर भक्तों को दर्शन दिये । भगवान श्री महाकालेश्वर को केसरी रंग के नवीन वस्त्र के साथ मेखला, दुप्पटा, मुकुट, मुंड-माला, छत्र आदि से सुसज्जित कर श्रृंगार किया गया। साथ ही भगवान श्री महाकालेश्वर को नागकुंडल एवं फलों की माला में दर्शन दिए 7

शुक्रवार 21 फरवरी 2025 को श्री महाकालेश्वर भगवान श्री छबीना स्वरूप में श्रद्धालुओं को दर्शन देगें। श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति द्वारा इस वर्ष नौ दिवसीय नारदीय कीर्तन हेतु पुणे से राष्ट्रीय कीर्तनकार आयुर्वेदाचार्य डॉ.अजय अपामार्जने को आमंत्रित किया गया है 7 श्री महाकालेश्वर मंदिर में यह परंपरा विगत 115 वर्षों से भी अधिक समय से चलती आ रही है।

18 फरवरी 2025 से डॉ. अजय अपामार्जने की नौ दिवसीय कथा का प्रारंभ हुवा है कीर्तन प्रतिदिन सायं 05 से 06 बजे तक मन्दिर परिसर मे नवग्रह मन्दिर के पास संगमरमर के चबूतरे पर हो रहा है। हरिकीर्तन के चोथे दिन डॉ. अपामर्जने ने राम-कृष्ण-हरि के कीर्तन पश्यात भगवान महाकाल के भक्त श्री नाभाग की कथा को आगे बढ़ाते हुए उनके त्याग और बलिदान का वर्णन किया 7 कथा के दौरान तबला पर संगत श्री श्रीधर व्यास ने की।

# भारतीय जीवन बीमा निगम में कर्मचारियों की भर्ती की मांग को लेकर हुई बहिर्गमन हड़ताल

## दशहरा मैदान स्थित शाखा में वर्ग 3 और 4 के कर्मचरियों ने किया प्रदर्शन




उज्जैन। भारतीय जीवन बीमा निगम में कर्माचारियों की 85 प्रतिशत से भी अधिक सदस्यता रखने वाले संगठन ऑल इंडिया इंश्योरेंस एम्पलाईज एसोसिएशन के आह्वान पर भारतीय जीवन बीमा निगम में वर्ग 3 और 4 कर्मचारियों की तत्काल भर्ती एवं ऐआईआईईऐ को मान्यता देने की मांग हेतु एक घंटे की देशव्यापी बहिर्गमन हड़ताल की गयी और हड़ताल के समर्थन मे देश की सभी इकाइयों पर द्वार प्रदर्शन किया गया।

इंश्योरेंस एम्पलाईज यूनियन इंदौर के सयुंक्त सचिव कुलदीप सिंह क्षत्रिय ने बताया कि भारतीय जीवन बीमा निगम की दशहरा मैदान स्थित शाखा में वर्ग 3 और 4 के कर्मचरियों द्वारा उपरोक्त मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया गया। भारतीय जीवन बीमा निगम में वर्ग 3 और 4 में कर्मचारियों की संख्या पर प्रकाश डालते हुए बताया कि भारतीय जीवन बीमा निगम में 1996 के बाद से वर्ग 4 के कर्मचारियों की भर्ती नहीं हुई है और प्रबंधन आउटसोर्सिंग कर रहा है जिससे अस्थायी कर्मचारियों का शोषण हो रहा है और सेवानिवृत्ति के कारण वर्ग 3 और 4 के कर्मचारियों की संख्या लगातार घटती जा रही है और ग्राहकों की बेहतर सेवा हेतु एलआईसी में वर्ग 3 और 4 के कर्मचारियों की तत्काल भर्ती की मांग की। साथी दीपिका सक्सेना द्वारा ऑल इंडिया इंश्योरेंस एम्पलाईज एसोसिएशन को मान्यता देने की मांग की गयी और साथी संजय खले ने कर्मचारियों की भर्ती के संबंध में प्रबंधन के तानाशाही रवैए की निंदा की और इसलिए हमें संघर्ष को और तीव्र करना होगा। प्रवीण सरालकर ने नारेबाजी करायी।

# मानव सेवा तीर्थ अंकितग्राम, सेवाधाम आश्रम में कबीर भजनों की स्वरांजलि

उज्जैन। सद्गुरू कबीर स्मारक सेवा समिति, लुनियाखेड़ी और ‘अंकित ग्राम’ सेवाधाम आश्रम के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 21 फरवरी 2025 को सायं 6.00 बजे से मानव सेवा तीर्थ ‘अंकित ग्राम’ सेवाधाम आश्रम अम्बोदिया में देशभर के कबीर पंथियों की उपस्थिति में 29वाँ विशाल कबीर महोत्सव एवं मालवा कबीर जन सांस्कृतिक चेतना यात्रा का विशाल कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। अंकितग्राम, सेवाधाम आश्रम संस्थापक सुधीर भाई गोयल ने बताया कि इस भव्यातिभव्य आयोजन में देश विदेश के अनेक कबीर पंथियों के साथ कबीर भजन गायक प॰श्री प्रहलादसिंह टीपानिया के नेतृत्व में विशेष रूप से आमंत्रित कलाकार मालवा कबीर यात्रा में लक्ष्मणदास (बाउल), नेताई चंद्र बंगाल आदि।

# अखंड हिंदू युवा संगठन द्वारा महाशिवरात्रि पर्व पर धार्मिक नगरी उज्जैन शहर में समस्त नॉनवेज दुकानों को बंद रखने को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपा



उज्जैन। अखंड हिंदू युवा संगठन इकाई द्वारा आगामी 26 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व पर धार्मिक नगरी उज्जैन शहर में समस्त मांस, मदिरा, अंडे, मुर्गी, मछ्ली की दुकान बंद रखने के लिए गुरुवार सुबह कोठी रोड स्थित प्रशासनिक संकुल भवन पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम अधिकारी को ज्ञापन दिया गया।

इस दौरान अखंड हिंदू युवा संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार चंदेल, संभागीय अध्यक्ष संजय मीणा, जिला अध्यक्ष शुभम चौहान, जिला संयोजक जितेंद्र प्रजापत, जिला कोषाध्यक्ष उमेश नामदेव, जिला सचिव शंकर प्रजापत, जिला मंत्री दीपक प्रेमचंदनी, नगर संयोजक अरविंद कौशल, नगर महामंत्री विजय सेंगर, सुभाष केवट आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उक्त जानकारी नगर अध्यक्ष शिवम कच्छावा द्वारा दी गई।

# शीतलनाथ जैन मंदिर पर मन्त्रोचार के साथ अर्पित हुई नयी ध्वजा

## अहमदाबाद से आयी गोटा किनारी कि ध्वजा मुख्य शिखर पर अर्पित, आचार्य डॉ. मुक्ति सागर सूरी कि निश्रा में हुआ आयोजन

उज्जैन। पुलिस कंट्रोल रूम के सामने स्थित श्री शीतलनाथ जैन श्वेतांबर मंदिर की प्रतिष्ठा के 37 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में गुरुवार सुबह 10 बजे मंदिर शिखर पर अभ्युदयपुरम गुरुकुल प्रणेता आचार्य डॉ. मुक्ति सागर सूरी जी की निश्रा में अहमदाबाद से आयी नई ध्वजा अर्पित की गयी।




मन्त्रोचार एवं जयघोष के बीच पुरानी ध्वजा हटाकर नयी लाल सफ़ेद रंग कि आकर्षक ध्वजा अर्पण कि गयी। जो पवित्रता के साथ अध्यात्मिक संदेश दे रही थी। इस दौरान आचार्य श्री डॉ. मुक्ति सागर सूरी जी ने कहा कि मंदिर की वर्षगांठ ध्वजा का कार्यक्रम जहां भी हो वहां अवश्य जाना चाहिए, जिस तरह से उच्च शिखर पर ध्वजा लहराती है वैसा ही हम सब का जीवन सुख, शांति और आंनद से लहलहाए, शीतलनाथ प्रभु से यही कामना है। इस अवसर पर प्रभु की मोती के गुलाब एवं स्वर्ण गेंदों से सजी दिव्य अंगरचना की जाएगी तथा संध्या में दीपों से पुरे मंदिर परिसर कि भव्य सजावट हुई। उल्लेखनीय है कि जैन धर्म में ध्वजा रोहण धर्म की विजय, तीर्थंकरों के प्रति श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा का प्रतीक माना जाता है।

यह पवित्रता, सकारात्मक ऊर्जा और पुण्य लाभ प्रदान करने वाला होता है। लाभार्थी परिवार कि रीटा बेन शाह ने बताया कि 1988 में स्थापित इस मंदिर की 38वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में यह आयोजन किया गया। ध्वजा के कायमी लाभार्थी अहमदाबाद के सेठ त्रिकमलाल अमृतलाल शाह परिवार हैं। मंदिर पर प्रतिवर्ष विधि-विधानपूर्वक ध्वजा अर्पण एवं प्रभावना वितरण की परंपरा निभाई जाती है।

उपस्थित लोगों ने ध्वजा को सिर पर धारण किया और तीन परिक्रमा लगाई। इस पावन अवसर ने न केवल श्रद्धालुओं के मन को भक्ति और आनंद से भर दिया, बल्कि पूरे क्षेत्र में धार्मिकता और आध्यात्मिकता की एक नई लहर प्रवाहित कर दी।

# रेती वाले बाबा के पास शासकीय भूमि से निगम द्वारा अवैध अतिक्रमण हटाया



उज्जैन। रेती वाले बाबा के पास शासकीय भूमि पर से नगर निगम द्वारा गुरुवार को कार्यवाही करते हुए अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही निगम आयुक्त श्री आशीष पाठक के निर्देश के क्रम में जोनल अधिकारी श्री दीपक शर्मा एवं नगर निगम रिमूवल गैंग द्वारा की गई।आयुक्त श्री आशीष पाठक द्वारा अपर आयुक्त श्री पवन कुमार सिंह, उपायुक्त श्री योगेन्द्र पटेल की उपस्थिति में सुबह फील्ड विजिट के दौरान सभी स्वास्थ्य अधिकारी स्वच्छता निरीक्षक एवं मेट दरोगाओं को वार्डों में सघन सफाई अभियान चलाया जाकर सफाई कार्य किए जाने के लिए निर्देश दिए गए एवं कमर्शियल क्षेत्र में नालियों की सफाई एवं कचरा कलेक्शन ठीक से करने के निर्देश के साथ-साथ जिनके द्वारा कचरे की ढेर बनाए जा रहे हैं कचरा इधर-उधर फेंका जा रहा है उनके विरुद्ध चलानी किये जाने के निर्देश दिए गए। गुरुवार को निगम आयुक्त श्री आशीष पाठक द्वारा सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया गया जिसके क्रम में लोहे के पूल के सामने स्थित रेती वाले बाबा के पास शासकीय भूमि पर संबंधित द्वारा अवैध रूप से टीन शेड के गोडाउन का निर्माण किया गया था जिसे हटाए जाने के निर्देश निगम आयुक्त द्वारा दिए गए प्राप्त निर्देश के क्रम में जोन क्रमांक 03 के जोनल अधिकारी श्री दीपक शर्मा ,उपयंत्री श्री राजेंद्र रावत ,गैंग प्रभारी श्री मोनू थनवार द्वारा पुलिस प्रशासन की उपस्थिति में जेसीबी के माध्यम से अवैध निर्माण को तोड़ा गया।

स्वामी हिन्दकुश मीडिया के लिए संपादक, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती सीमा वशिष्ठ द्वारा 124, महाश्वेता नगर उज्जैन, ( म.प्र. ) से प्रकाशित तथा 6 निर्माण नगर उज्जैन, ( म.प्र. ) से मुद्रित, मो. 09826322221, परम चैतन्य 09329640700 Email : hindkushmedia@gmail.com